दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। मंगलवार 07 अक्टूबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 288 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# 'ऑपरेशन सिंदूर' की विजय गाथा प्रस्तुत करेंगे वायु सेना के वायुवीर

## 97 वायु सेना के अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए जाएंगे वायु सेना पदक, वायु सेना गैलंट्री व अति विशिष्ट सेना मेडल

## 8 अक्टूबर को हिंडन एयर बेस गाजियाबाद में मनाया जाएगा वायु सेना का 93वां स्थापना दिवस





**गौरव शशि नारायण**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** 8 अक्टूबर को भारतीय वायु सेना दिवस का हिंडन एयरबेस गाजियाबाद के परेड ग्राउंड में 93वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। भारतीय वायुसेना इस बार बीते दिनों पाकिस्तान के साथ हुए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वायु सेना की शौर्य गाथा को प्रदर्शित करने का काम करेगी।इस दौरान भारतीय वायु सेना के उन जांबाज अधिकारियों और इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन में योगदान देने वाले वायुवीरों को सम्मानित किया जाएगा। जिसमें अलग-अलग श्रेणी के कुल 97 अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे। जिन्हें युद्ध सेना मेडल, वायु सेना मेडल, वायु सेना विशेष मेडल के साथ ही वायु सेना मेडल गैलंट्री से नवाजा जाएगा।

8 अक्टूबर को हिंडन एयरबेस गाजियाबाद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजनाथ सिंह उपस्थित रह सकते हैं। तो वहीं एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह वायु सैनिकों की सलामी लेंगे। इस दौरान पश्चिमी क्षेत्र के वायु सेना प्रमुख भी मौजूद रहेंगे। साथ ही कई पूर्व वायु सेना अध्यक्ष परिवार के साथ इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सोमवार को हिंडन स्थित एयर बेस में खराब मौसम होने की वजह से परेड और एयर शो का कार्यक्रम नहीं हो सका। वायु सेना के एक हैंगर के अंतर्गत वायु सेना के अद्मय, साहस, शक्ति और शौर्य को प्रदर्शित करने का काम किया गया।




### ऑपरेशन सिंदूर की ताकत प्रदर्शित करेगी वायु सेना

करंट क्राइम : हिंडन में आयोजित 93वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय वायु सेना बीते दिनों हुए ऑपरेशन सिंदूर की वीरगाथा को प्रदर्शित करेगी। इस दौरान यहां बड़े बैकग्राउंड फ्रेम में भारतीय वायु सेना के उन प्रमुख विमानों और युद्धक विमान को प्रदर्शित किया जा रहा है, जिन्होंने पाकिस्तान को धूल चटाने का काम किया था। इसमें प्रमुख रूप से राफेल, सु-30 एमकेआई विद ब्रह्मोस, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम, लोइटरिंग-म्यूनिशन यूनिट और व्यक्तिगत एयर वारियर्स के साहस ने मिलकर पाकिस्तान के हवाई खतरों को निर्णायक रूप से ध्वस्त किया और उसकी आक्रामक क्षमताओं को चकनाचूर कर दिया, जो भारतीय वायुसेना की प्रौद्योगिकीय बढ़त, पेशेवर दक्षता और अजेय जज्बे को दशार्ता है। साथ ही यहां पर जो डिस्प्ले लगाया गया है, उसमें लिखा गया है कि भारतीय वायु सेना अचूक, अभेद और सटीक है।

### वायु सेना प्रमुख और मुख्य अतिथि देंगे भाषण

**करंट क्राइम :** 8 अक्टूबर को भारतीय वायु सेना दिवस का स्थापना दिवस है और स्थापना दिवस के अवसर पर गाजियाबाद में हो रहे कार्यक्रम के दौरान भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल और मुख्य अतिथि के तौर पर आने वाले संभावित देश के रक्षा मंत्री कार्यक्रम में उपस्थित हो सकते हैं। तो दोनों ही जनता को संबोधित करेंगे। साथ ही बीते दिनों हुए ऑपरेशन की जानकारी और भारतीय वायु सेना की ताकत की दांस्तान भी बताई जाएगी।



### परेड कमांडर की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं चेतन देश पांडे

करंट क्राइम : हिंडन एयर बेस में आयोजित होने वाले भारतीय वायु सेना के स्थापना दिवस समारोह में जहां वायु सेना की अलग-अलग टुकड़ियों शामिल होंगी। तो यहां परेड कमांडर की भूमिका चेतन देश पांडे संभाल रहे हैं। इसके साथ ही निशान टोली के अलावा इस सालाना जलसे में भारतीय वायु सेना के कई युद्धक विमान, विंटेज विमान और पाकिस्तान के साथ हुए ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन को सबक सिखाने वाले भारतीय वायु सेना के विमान भी प्रदर्शित किए जाएंगे।






### सड़क से लेकर आसमान तक रहेगी हिंडन एयर बेस की निगरानी

करंट क्राइम : भारतीय वायु सेना दिवस का 8 अक्टूबर को स्थापना दिवस है। स्थापना दिवस को लेकर नगर निगम, गाजियाबाद जिला प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों से लेकर वायु सेना के पैरा कमांडो तक कमान संभाल रहे हैं। सालाना आयोजन में बड़ी संख्या में विशिष्ट ,अति विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। तो केंद्र सरकार के भी प्रमुख फेस इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। वहीं सेना के प्रमुख अधिकारी और पूर्व वायु सेना अध्यक्ष कार्यक्रम का हिस्सा रहेंगे। ऐसे में सड़क से लेकर आसमान तक सुरक्षा व्यवस्था बेहद दुरुस्त रहेगी।

### 3 साल बाद दोबारा हिंडन में नजर आएंगे वायुवीर

करंट क्राइम : हिंडन एयरफोर्स में वायु सेना का स्थापना दिवस बीते 3 सालों से नहीं हो रहा था। वर्ष 2022 में वायु सेना का स्थापना दिवस चंडीगढ़ में मनाया गया। तो वर्ष 2023 में यह आयोजन प्रयागराज में आयोजित हुआ था। वर्ष 2024 में चेन्नई में भारतीय वायु सेना दिवस मनाया गया। तो वर्ष 2025 यानी इस वर्ष यह आयोजन पुन: गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस में आयोजित किया जा रहा है। बीते चार सालों में यह दूसरा मौका है, जब उत्तर प्रदेश की धरती पर भारतीय वायुसेना के वायुवीर भारतीय सेना की ताकत को प्रदर्शित करने का काम करेंगे।

### आकाश से लेकर जीवन धारा का दिया जाएगा संदेश



करंट क्राइम : भारतीय वायुसेना इस दौरान बीते 90 सालों में आकाश से लेकर लोगों के जीवन को बचाने और बीते दिनों आई बाढ़ जो इस बार देश के एक दर्जन से अधिक प्रमुख राज्यों में थी, वहां वायु सेना द्वारा जिस तरीके से ऑपरेशन चलाए गए। लोगों के लिए राहत मदद और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने का काम किया गया था उसको भी बताया जाएगा। तो वहीं वायुसेना द्वारा बताया जाएगा कि वह देश की सीमाओं से लेकर जीवन की रक्षा किस प्रकार करती है।

### खराब मौसम फिर बन सकता है खलनायक

करंट क्राइम : सोमवार को भारतीय वायु सेना दिवस का स्थापना दिवस आयोजन को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल थी। हालांकि बारिश की वजह से कार्यक्रम वायु सेना के हैंगर में करना पड़ा। तो 8 तारीख को भी मौसम के ऊपर कार्यक्रम की पूरी स्थिति टिकी हुई है, अगर मौसम खराब हुआ तो कई तरीके के आयोजन और प्रमुख ड्रिल रद्द भी की जा सकती हैं।

### वायु सेना 9 दशक की ताकत को विमानों से करेगा प्रदर्शित

करंट क्राइम : सोमवार को फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान मौसम खराब था। जिस वजह से परेड ग्राउंड में कार्यक्रम नहीं हो पाया बताया जा रहा है कि 8 अक्टूबर को सालाना जलसे में वायु सेना के नौ दशक के इतिहास में शामिल उन विमानों, विंटेज विमान और प्रमुख युद्धक विमानों को डिस्प्ले किया जाएगा, जिनके जरिए भारतीय वायु सेना अपनी ताकत, शौर्य और साहस को प्रदर्शित करती है।

# बिहार में चुनावी रणभेरी बजी, एनडीए को नीतीश मोदी के काम तो महागठबंधन को बदलाव पर भरोसा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा कर दी है। 6 नवंबर और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा और 14 नवंबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस घोषणा के साथ ही चुनावी महासमर शुरू हो गया है। भाजपा-जदयू की अगुवाई वाले एनडीए को बिहार में नीतीश-मोदी सरकारों के कामकाज पर भरोसा है तो महागठबंधन को लगता है कि बिहार की जनता अब बदलाव के मूड में है और राहुल गांधी-तेजस्वी यादव की जोड़ी करिश्मा कर दिखाएगी।

### नीतीश ने खोला खजाना

नीतीश कुमार ने चुनावों की घोषणा के दिन तक ऐसी योजनाओं की शुरूआत करने का काम जारी रखा जो जनता के बीच उनकी छवि को मजबूत करते हैं। बिहार में मेट्रो की पहुंच जनता को आकर्षित करने वाली साबित हो सकती है। हर परिवार की एक-एक महिला के खाते में 10-10 हजार रुपए पहुंचाकर जीविका दीदियों को आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनाकर नीतीश कुमार ने बड़े सामाजिक बदलाव की शुरूआत की है। यदि एनडीए यह चुनाव जीतती है तो उसमें इस योजना का सबसे बड़ा हाथ माना जाएगा। इसके पहले ही नीतीश कुमार ने नई सरकारी नौकरियों की घोषणा और युवाओं को भत्ता देने की घोषणा कर युवाओं को अपने साथ जोड़ने का काम किया है। सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा में महिलाओं को आरक्षण, किसानों के लिए मखाना बोर्ड जैसी योजनाएं शुरू कर बिहार सरकार ने बड़े वर्ग को साधने का काम किया है।

सही मायनों में कहें तो बिहार सरकार को केंद्र सरकार से पूरा-पूरा साथ मिला है। दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों से बिहार की ओर जाने वाली हाईवे सड़कों के बड़े जाल ने बिहार की पिछड़ी छवि को बदलने में बड़ा काम किया है। केंद्र सरकार ने बिहार के अलग-अलग क्षेत्रों को टारगेट कर विकास योजनाओं की शुरूआत की है जिसका नीतीश कुमार को लाभ मिलेगा।




### महागठबंधन को वोट चोरी और बदलाव पर भरोसा

कांग्रेस-राजद ने पूरे जोरशोर से चुनाव के पहले वोट चोरी का मुद्दा उठाया है। शुरूआती दौर में यह चर्चा का विषय अवश्य बनता दिख रहा था, फिलहाल अब यह मुद्दा पीछे छूटता दिखाई दे रहा है। विशेषकर चुनाव आयोग ने जिस तरह बिहार में 7.43 करोड़ मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा है, और किसी भी स्थान पर नामांकन से 10 दिन पहले तक नाम जोड़ने की बात कही है, उससे इस मुद्दे का कहीं कोई विरोध दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि, महागठबंधन के नेताओं को भरोसा है कि जनता अब बदलाव के मूड में है और इस बार उन्हें सरकार बनाने का अवसर मिल सकता है।

### बिहार की जनता को नहीं चाहिए जंगलराज- भाजपा

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह ने अमर उजाला से कहा कि बिहार की जनता आज भी जंगलराज के दौर की वापसी नहीं चाहती है। एक तरफ वह नीतीश कुमार सरकार के विकास के कामकाज को देखती है तो दूसरी तरफ उसे लालू यादव का वह दौर याद आता है जब राज्य में जातियों के नाम पर नरसंहार हो रहा था। उन्होंने कहा कि बिहार की नई पीढ़ी पूरी दुनिया में विकास कार्यों को होते हुए देख रही है और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उसी तरह के विकास होते देख रही है। बिहार की महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। वे महिलाएं अब अपने बच्चों को जंगलराज के दौर में नहीं जाने देना चाहती हैं।

# दीपावली से पहले गाजियाबाद में चला वृहद सफाई अभियान

## चमकाई जा रही हैं गलियां और साफ हो रहा हैं कूड़े के ढेर








### नगर आयुक्त की अपील : घर की तरह शहर को भी बनाएं सुंदर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दीपावली महापर्व से पूर्व नगर निगम शहर की सूरत निखारने में जुट गया है। सफाई और सौंदर्यीकरण अभियान को निगम ने मिशन मोड में चला रखा है। प्रमुख मार्गों से लेकर आंतरिक गलियों तक निगम की टीमें सफाई और सजावट का कार्य कर रही हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के उन स्थलों को चिह्नित कर विलोपित किया जा रहा है, जहां पहले कूड़ा डाला जाता था। इन स्थानों की सफाई के बाद इंटरलॉकिंग बिछाई जा रही है और वहां पौधारोपण, गमले व बेंच लगाकर आकर्षक रूप दिया जा रहा है। नगर आयुक्त ने कहा कि दीपावली जैसे पवित्र पर्व पर हर व्यक्ति अपने घर की तरह शहर को भी स्वच्छ और सुंदर बनाए। सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा डालने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। पार्षदों व स्थानीय नागरिकों के सहयोग से अभियान को और प्रभावी बनाया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा शहर को दीपावली पर्व से पहले सजाने संवारने का अभियान इसलिए भी चलाया जा रहा है क्योंकि आने वाले दिनों में दीपोत्सव को लेकर कई बड़े आयोजन शासन और प्रशासन के दिशा-निर्देश पर आयोजित किये जाने हैं। ऐसे में दीपावली तक नगर निगम की ओर से विशेष स्वच्छता पखवाड़ा भी चलाया जायेगा, ताकि शहर को क्लीन बनाने का अभियान रफ्तार से चलता रहे। इसकी शुरूआत महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर 2 अक्टूबर से शुरू कर दी गई थी।

### नगर निगम की शहरवासियों से अपील : ना डालें घरों के बाहर कूड़ा



करंट क्राइम : नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि वार्ड संख्या 84 राजनगर, 9 पटेल नगर-मुकुंद नगर, 4 व 14 विजय नगर, 85 राजेंद्र नगर, 88 गांधीनगर, 83 श्याम पार्क, 62 कवि नगर सहित कई वार्डों में सफाई और सौंदर्यकरण कार्य पूरे हो चुके हैं। इसी तरह वसुंधरा के अभय खंड, शक्ति खंड, साहिबाबाद डिपो व न्याय खंड मकनपुर विस्तार क्षेत्रों में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। डॉ. मिथिलेश ने बताया कि निगम की टीमें रोजाना डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्र कर रही हैं और जहां कहीं भी सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा दिखाई दे रहा है, वहां तुरंत सफाई और सौंदर्यकरण किया जा रहा है।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश, तापमान में गिरावट से बढ़ी ठंड, अगले दो दिन ऐसा रहेगा मौसम का हाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया हुआ है। बीती रात से दिल्ली से लेकर नोएडा और गाजियाबाद के कई इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। गुरुग्राम में बारिश की वजह से मौसम पूरी तरह से सुहावना हो गया है।

वहीं बारिश होने की वजह से तापमान में भी गिरावट हुई है। हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। बारिश से सुधरा नोएडा का प्रदूषण, ठंड भी बढ़ी नोएडा में देर रात से हो रही लगातार रूक रूक बारिश ने मौसम का मिजाज अचानक बदल दिया। नोएडा में ठंडी हवाएं चल रही हैं. और मौसम भी सर्द हो गया है. बारिश का असर नोएडा के वायु प्रदूषण पर भी दिख रहा है, बारिश की वजह से शहर की आबोहवा भी पहले से साफ हुई है. मौसम मे आए अचानक परिवर्तन से जहां प्रदूषण में कमी आई है. वहीं लोगों का कहना है कि मौसम काफी सुहाना हो गया है, नोएडा के एयर क्वालिटी इंडेक्स इस समय 78 दर्ज किया गया है जो कि इस माह का सबसे स्वच्छ दिन कहा जा सकता है बारिश और तेज हवाओं ने स्थिति को बेहतर किया है। बारिश के साथ ही ठंड भी बढ़ने लगी है।

वहीं, पूरी दिल्ली जैसे पश्चिम विहार, पंजाबी बाग, राजौरी गार्डन, जाफरपुर, नजफगढ़, द्वारका, पालम, आईजीआई एयरपोर्ट, बहादुरगढ़, गुरुग्राम में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। इन क्षेत्रों में मध्यम गरज और बिजली के साथ 40-60 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने और आवश्यक तैयारी करने की सलाह दी है। भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव और यातायात बाधित होने की संभावना है। अधिक जानकारी के लिए मौसम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर नजर रखें।

### चक्रवात शक्ति मचा रहा उथल-पुथल

मानसून के बाद अरब सागर में उठा सीजन का पहला चक्रवात शक्ति समुद्र में उथल-पुथल मचा रहा है। समुद्र को मथ रहे इस चक्रवात में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं, जो और तेज हो सकती हैं। यह ओमान और पाकिस्तान को ओर बढ़ रहा है और इसके भारत के तट से टकराने की संभावना कम है। इसके बावजूद इसके प्रभाव से महाराष्ट्र और गुजरात के तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है, जिसको लेकर अलर्ट जारी किया गया है। उत्तरी बंगाल के जिलों में रेड अलर्ट भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि पश्चिमी झारखंड और दक्षिण बिहार, दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तरी छत्तीसगढ़ के आसपास के इलाकों में निम्न दाब क्षेत्र बना है। इसके प्रभाव से पश्चिम बंगाल के उप-हिमालयी जिलों दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, कूच बिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार में सोमवार सुबह तक भारी बारिश होने की संभावना है और रेड अलर्ट जारी किया है।

### गुरुग्राम के तापमान में आई गिरावट

गुरुग्राम में सोमवार सुबह हुई हल्की बारिश से मौसम सुहावना हो गया। सुबह हुई बूंदाबांदी ने उमस भरी गर्मी से राहत दी। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी एक-दो दिन में हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

### दिल्ली में मौसम विभाग की चेतावनी

दिल्ली के नरेला, बवाना, अलीपुर, बुराड़ी, कंझावला, रोहिणी, बादिली, मॉडल टाउन, आजादपुर, पीतमपुरा और मुंडका में हल्की से मध्यम बारिश के साथ हल्की गरज और बिजली की संभावना है। इन क्षेत्रों में 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

# लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए सीएम योगी

## हर चेहरे पर खुशी व संतुष्टि ही सरकार की प्राथमिकता

**लखनऊ।** जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। लोगों की समस्याएं सुनकर निश्चित समयावधि में निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हर चेहरे पर खुशी व संतुष्टि ही सरकार की प्राथमिकता है।

राजधानी लखनऊ में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में प्रदेशभर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लेकर अफसरों को निश्चित समयावधि में उनका निस्तारण कराने के लिए कहा। इस मौके पर पुलिस, राजस्व और आर्थिक सहायता से जुड़े मामले लेकर फरियादी पहुंचे थे।

अपनी समस्याएं लेकर मुख्यमंत्री से मिलने के लिए 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे थे। सीएम एक-एक करके सभी के पास पहुंचे। उनका प्रार्थना पत्र लिया। तत्काल निराकरण के लिए अफसरों को निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस, बिजली, नौकरी और आर्थिक सहायता की मांग लेकर फरियादी पहुंचे थे।



### 'जनता दर्शन' से भी हो रहा समस्याओं का निराकरण

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि किसी के चेहरे पर खुशी लाना ही ईश्वर की सेवा है। प्रदेश सरकार हर पीड़ित को खुशहाल करने की भावना से कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का बिना भेदभाव सभी को लाभ मिल रहा है। 'जनता दर्शन' के माध्यम से भी समस्याओं का निराकरण कराया जा रहा है।

### बच्चों को दी चॉकलेट

सीएम ने 'जनता दर्शन' में फरियादियों के साथ आए बच्चों का भी हाल जाना। उनके सिर पर हाथ फेरकर दुलार किया। उन्हें अपनत्व का अहसास कराया। सभी बच्चों को चॉकलेट-टॉफी देकर खूब पढ़ने-खेलने की भी सलाह दी।

# मौलाना तौकीर रजा के एक और करीबी का बरातघर सील

## सपा पार्षद के शोरूम पर भी हुई कार्रवाई



**बरेली।** बरेली में बीडीए ने सोमवार को फरीदापुर चौधरी स्थित बरातघर को सील कर दिया। यह बरातघर वाजिद बेग का है। वह सपा से पूर्व पार्षद रह चुके हैं। बवाल के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबी बताए गए हैं। वहीं कोहाड़ापीर में सपा पार्षद का शोरूम सील किया गया है।

बरेली में बवाल के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबियों पर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की टीम ने सोमवार को सपा के पूर्व पार्षद वाजिद बेग के बरातघर को सील कर दिया। यह बरातघर फरीदापुर चौधरी में है। बीडीए अफसरों के मुताबिक अवैध तरीके से बरातघर का निर्माण कराया था। कई बार रोकने के बावजूद निर्माण नहीं रोका गया। इसलिए यह कार्रवाई की गई है।

### मौलाना तौकीर के करीबी हैं वाजिद बेग

वाजिद बेग सपा से पार्षद रह चुके हैं। मौलाना तौकीर के करीबी बताए गए हैं। उनके बरातघर पर सीलिंग की कार्रवाई के दौरान सीओ पंकज श्रीवास्तव, बीडीए के अफसर और भारी पुलिस बल तैनात रहा। बीडीए टीम ने बरातघर पर लगा ताला तोड़कर अपना ताला लगाकर सील लगा दी। नोटिस भी चस्पा किया गया है। चेतावनी दी गई है कि सील को क्षतिग्रस्त करने या हटाने पर एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सपा पार्षद का शोरूम सील

बरातघर सील करने के बाद बीडीए की टीम अचानक कोहाड़ापीर पहुंच गई। टीम ने यहां सपा पार्षद मुन्ना का बाइक शोरूम सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान सपा पार्षद व कर्मचारी शोरूम में ही थे। उन्हें बाहर निकाल दिया गया। इस कार्रवाई को भी बवाल से जोड़कर देखा जा रहा है। इस पार्षद मुन्ना का कहना है कि वह बवाल के दिन कहीं गए भी नहीं थे। उनके नवासे का हाथ टूटा था। वही गया था। उसके बाद यहीं रहा। पार्षद ने बताया कि वह कैंसर पीड़ित है। मेरे यहां कैमरे लगे हैं। जो लोग शामिल रहे, उन पर कार्रवाई करें। मौलाना तौकीर की पार्टी अलग है, मेरी अलग विचारधारा अलग है।

### अब तक कई संपत्तियां हो चुकी हैं सील

शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद बीडीए अब तक मौलाना तौकीर के कई करीबियों की संपत्तियों को सील कर चुका है। पीलीभीत रोड पर आरिफ के फहम लान, फ्लोरा गार्डन और उसकी पत्नी का स्काई लार्क होटल, नरियावल स्थित शराफत के बरातघर को भी बीडीए सील कर चुका है। नौमहला मस्जिद के पास आरोपी नदीम की चार दुकानें भी सील की जा चुकी है। मौलाना को शरण देने वाले फरहत का मकान भी सील हो चुका है।

# यूपी में चार आईपीएस अफसरों के तबादले कानपुर के कमिश्नर बने रघुवीर लाल

**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक, अभियोजन, उप्र लखनऊ के साथ-साथ पुलिस महानिदेशक, सीआईडी, उप्र, लखनऊ का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे दिपेश जुनेजा के पास अब सिर्फ पुलिस महानिदेशक, अभियोजन की जिम्मेदारी रह गई है।

पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम, उप्र, लखनऊ में तैनात बिनोद कुमार सिंह को पुलिस महानिदेशक, सीआईडी, उप्र, लखनऊ के साथ-साथ पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम, उप्र, लखनऊ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

अपर पुलिस महानिदेशक, सुरक्षा, उप्र, लखनऊ में तैनात रघुवीर लाल को पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, कानपुर नगर बनाया गया है।

लखनऊ परिक्षेत्र में पुलिस महानिरीक्षक के रूप में कार्यरत तरुण गाबा को पुलिस महानिरीक्षक, सुरक्षा, उप्र, लखनऊ के साथ-साथ पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।




# तरनतारन उपचुनाव की तारीख का ऐलान

## 11 नवंबर को वोटिंग, 14 को मतगणना

## आप विधायक के निधन के बाद खाली हुई थी सीट

**चण्डीगढ़-पंजाब।** पंजाब की तरनतारन विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए तारीख का एलान हो गया है। चुनाव आयोग की तरफ से सोमवार शाम घोषणा की गई है। पंजाब की तरनतारन विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए तारीख का एलान हो गया है। चुनाव आयोग की तरफ से सोमवार शाम घोषणा की गई है। तरनतारन उपचुनाव के लिए 11 नवंबर को मतदान होगा और 14 नवंबर को नतीजा घोषित किया जाएगा। बता दें कि यह सीट जून में आप विधायक कश्मीर सिंह सोहल के निधन के बाद खाली हुई थी। चुनाव आयोग ने आज उपचुनाव की तारीख घोषित की है। वहीं आम आदमी पार्टी, कांग्रेस व शिरोमणि अकाली दल (शिअद) अपने प्रत्याशी भी घोषित कर चुके हैं। आम आदमी पार्टी (आप) ने तरनतारन उपचुनाव के लिए पूर्व विधायक हरमीत सिंह संधू को उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस ने करणबीर सिंह बुर्ज को प्रत्याशी बनाया है। शिअद ने आजाद ग्रुप की मुखिया प्रिंसिपल सुखविंदर कौर रंधावा को पार्टी उम्मीदवार घोषित किया है।




# बिहार विधानसभा चुनाव का ऐलान

## दो चरणों में होंगे चुनाव, 6 और 11 नवंबर को पडेंगे वोट

**नई दिल्ली। करंट क्राइम।** चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के कार्यक्रमों का ऐलान कर दिया है। 6 नवंबर और 11 नवंबर को दो चरणों में चुनाव होंगे। 14 नवम्वर को काउंटिंग होगी। वोटिंग की तारीखों के निर्धारण में छठ महापर्व का खयाल रखा गया है।



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेसवार्ता में कहा कि बिहार में 14,000 मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं, राज्य में कुल 90,712 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पारदर्शी तरीके से होने वाले ये चुनाव सबसे अच्छे चुनाव परिलक्षित हों, ऐसी आयोग की मंशा है।

इस बार बिहार विधानसभा चुनाव न केवल मतदाताओं के लिए बहुत ही सुगम और सरल होंगे, न केवल कानून व्यवस्था पर पूर्ण निगरानी रखी जाएगी।

### 14 को नतीजे

बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों में होगा। पहली वोटिंग 6 नवंबर गुरुवार को होगी। दूसरे फेज की वोटिंग 11 नवंबर को होगी और वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी। इस बार ऑब्जर्वर आईएएस अफसर होंगे और वो बिहार से बाहर के रहेंगे।

# मैदान में बारिश ने बढ़ाई ठंडक, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में सीजन की पहली बर्फबारी

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के आठ जिलों में तेज दौर की बारिश के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी है। वहीं, दोपहर बाद मौसम बदला और पहाड़ों में बर्फबारी शुरू हो गई। उत्तराखंड में आज मौसम ने फिर करवट बदली। मौसम विभाग के अलर्ट के बाद आज पहाड़ से मैदान तक मौसम बदला। राजधानी देहरादून समेत कई इलाकों में बारिश ने ठंडक बढ़ा दी है। वहीं, केदारनाथ धाम और हेमकुंड साहिब में सीजन की पहली बर्फबारी हुई।



उधर, यमुनोत्री धाम में भी यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में मौसम ने करवट बदली। यमुनोत्री धाम के आसपास की चोटियों पर बर्फबारी और नीचले इलाकों में बारिश की बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट आई है।

बता दें कि उत्तराखंड के आठ जिलों में आज तेज दौर की बारिश के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी है। जबकि चार हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर, टिहरी और हरिद्वार जिले के कुछ हिस्सों में तेज दौर की बारिश के साथ ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि इन जिलों के कुछ इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलने के आसार हैं। वहीं, अन्य पांच जिलों में बारिश और तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले दिनों की बात करें तो प्रदेश भर में आठ अक्तूबर तक मौसम का मिजाज बदला हुआ रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सीएस तोमर ने बताया, निम्न दबाव बनने के कारण उत्तराखंड में आठ अक्तूबर तक तेज बारिश होने की संभावना है। खासकर छह और सात अक्तूबर को प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भारी से भारी बारिश की चेतावनी है।

# भाजपा नेता की हत्या के आरोपी रॉबिन भड़ाना का सरेंडर

## वकील की ड्रेस में कोर्ट पहुंचकर दिया चकमा

**मेरठ।** किठौर थाना क्षेत्र के भड़ोली गांव में भाजपा नेता प्रमोद भड़ाना की हत्या में रॉबिन वांटेड था। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम था। पुलिस को जानकारी थी कि वह आज सरेंडर करेगा। पुलिस की घेराबंदी के बाद भी वह कोर्ट में पेश हो गया।

किठोर थाना क्षेत्र के गांव भड़ौली में बीडीसी भाजयुमो के महामंत्री प्रमोद भड़ाना की हत्या में वांछित चल रहे 50 हजार के इनामी रॉबिन भड़ाना ने पुलिस को चकमा देकर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। वह वकील की वेशभूषा में पहुंचा और सीजेएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीम लगी हुई थी।

भड़ोली निवासी प्रमोद भड़ाना की 27 सितंबर को रॉबिन ने उस समय तीन गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब वह सुबह खेत में चारा लेने गया था। रॉबिन ने ग्राम प्रधान के पति पर भी फायरिंग की थी। वह शिवम उर्फ गोलू गैंग का सक्रिय सदस्य है। एसएसपी ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीम में लगाई गई थी। बावजूद इसके पुलिस उसे पकड़ नहीं सकी।



डीआईजी ने उस पर 50 हजार रुपये का इनाम शुक्रवार को घोषित किया था। पुलिस को खबर मिली थी कि वह न्यायालय में आत्म समर्पण करेगा। सोमवार को भारी संख्या में पुलिस कचहरी में हर तरफ सक्रिय घेराबंदी करके तैनात थी। फिर भी 50 हजार का इनामी रॉबिन वकील की वेशभूषा में आराम से कचहरी पहुंचा और पुलिस के सामने से ही निकालकर सीजेएम कोर्ट में पहुंचकर उसने सरेंडर कर दिया। एसएसपी डॉक्टर विपिन ताडा ने बताया कि उसे न्यायालय से कस्टडी डिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी और हत्या में प्रयुक्त पिस्टल बरामद किया जाएगा।

# निष्पक्ष चुनाव की गारंटी देंगे केंद्रीय बलों के जवान

## जम्मू एंड कश्मीर से बिहार पहुंचीं सीआरपीएफ की 71 कंपनियां

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बिहार में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए विशेष रणनीति तैयार की है। विधानसभा चुनाव में कोई भी आपराधिक या असामाजिक तत्व, किसी तरह की बाधा न पहुंचा सकें, इसके सीएपीएफ की 500 कंपनियों को तैनात किया गया है। आने वाले दिनों में केंद्रीय बलों की संख्या बढ़ भी सकती है। केंद्र सरकार ने बिहार में विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया है।




इस बार के विधानसभा चुनाव में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की फिलहाल 500 कंपनियों को तैनात किया गया है। केंद्रीय बलों की अधिकांश कंपनियां, रविवार को बिहार में पहुंच चुकी हैं। अब इन्हें लोकल पुलिस प्रशासन के साथ विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। निष्पक्ष चुनाव की गारंटी देने के लिए केंद्रीय बलों के जो 50,000 जवान बिहार पहुंचे हैं, उनमें सीआरपीएफ की वे 71 कंपनियां भी शामिल हैं, जिन्हें विशेष तौर पर जम्मू-कश्मीर से बुलाया गया है। चुनावी ड्यूटी पर मोर्चा संभालने वाले केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी और आईटीबीपी भी शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, बिहार में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न कराने के लिए सीआरपीएफ की 118 कंपनियों को तैनात किया गया है। इनमें से 71 कंपनियां, जम्मू-कश्मीर से बुलाई गई हैं। चुनाव में किसी तरह की कोई हिंसा न हो, इसके लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधानसभा चुनाव के संवेदनशील बूथों पर कोई अप्रिय घटना न हो और बिना किसी भय के लोग चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकें, इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अर्धसैनिक बलों को भारी संख्या में बिहार के लिए रवाना किया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बिहार में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए विशेष रणनीति तैयार की है। विधानसभा चुनाव में कोई भी आपराधिक या असामाजिक तत्व, किसी तरह की बाधा न पहुंचा सकें, इसके सीएपीएफ की 500 कंपनियों को तैनात किया गया है। आने वाले दिनों में केंद्रीय बलों की संख्या बढ़ भी सकती है। अग्रिम तैनाती के दौरान केंद्रीय बल, बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन, विश्वास निर्माण के उपाय, फ्लैग मार्च और सर्विलांस का काम करेंगे। हालांकि प्रशासन द्वारा डिटेल डेपलॉयमेंट प्लान को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है। बिहार सरकार से आग्रह किया गया है कि वह केंद्रीय बलों के लोकल ट्रांसपोर्टेशन, लॉजिस्टिक, रहने की जगह और दूसरी आवश्यकताओं बाबत त्वरित निर्णय लें। चुनाव के दौरान सीएपीएफ की कंपनियों द्वारा किए गए सभी तरह के मूवमेंट की जानकारी प्रतिदिन, केंद्रीय गृह मंत्रालय को दी जाएगी।

# एसएमएस अस्पताल में आग के बाद परिजनों का गुस्सा फूटा, अफरा-तफरी का माहौल





**जयपुर।** जयपुर के एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के न्यूरो आईसीयू में लगी आग से आठ मरीजों की मौत हो गई है। मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। हादसे के बाद अब तक स्वास्थ्य मंत्री के नहीं पहुंचने पर लोगों गुस्सा है।

कल देर रात एसएमएस अस्पताल में लगी आग के बाद अब तक आठ मरीजों के मरने की पुष्टि हो चुकी है। अस्पताल में चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल है। मरीजों के परिजन आक्रोशित हैं। सरकार और प्रशासन ने व्यवस्थाएं संभाल ली हैं। शवों के पोस्टमार्टम का सिलसिला जारी है।

जानकारी के अनुसार रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास सवाई मान सिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आईसीयू वार्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस हादसे में आठ मरीजों की मौत हो गई है, जबकि कई गंभीर मरीजों को सुरक्षित निकाला गया। मौके पर मौजूद डॉक्टरों, नर्सों और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज डॉ. अनुराग धाकड़ ने जानकारी दी कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी प्रतीत होती है। आईसीयू में भर्ती ज्यादातर मरीज पहले से ही बहुत गंभीर स्थिति में थे और कई कोमा में थे। उनके सर्वाइवल रिफ्लेक्स कमजोर थे, इसलिए उन्हें तुरंत शिफ्ट करना मुश्किल हो रहा था।

ट्रॉमा सेंटर के नोडल ऑफिसर और सीनियर डॉक्टर ने बताया कि हादसे के समय आईसीयू में कुल 11 मरीज भर्ती थे। परिजनों का आरोप है कि उन्हें लगभग दो घंटे तक कोई सहायता नहीं मिली। उनका कहना है कि वार्ड के अंदर से तेज बदबू आ रही थी। बार-बार सूचना देने पर भी अस्पताल कर्मियों ने लापरवाही दिखाई, जिससे कई मरीजों की दम घुटने से मौत हो गई।

घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। परिजन रोते-बिलखते नजर आए, वहीं कुछ मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अस्पताल में आग लगने की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार के अन्य मंत्रियों के साथ देर रात अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मरीजों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी भी गठित की गई है। इधर स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के अब तक मौके पर नहीं पहुंचने से लोगों में गुस्सा है। इसी बीच स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट करके मरने वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वे अभी खींवसर से जयपुर के रास्ते में हैं और जल्दी ही अस्पताल पहुंच रहे हैं।


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 07 अक्टूबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# विधानसभा की तैयारियों के साथ ही क्या शुरू हो गई है निगम वाली तैयारी

## दावेदारों ने अभी खुद को नहीं किया है एक्सपोज, लेकिन वो मंथन कर रहे हैं हर रोज



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** चुनाव आयोग जब तारीख घोषित करेगा, तब करता रहेगा। लेकिन भाजपा ने चुनावी रणभेरी बजा दी है। उसने अपने कार्यकर्ताओं को आयाम दे दिये हैं, काम दे दिये हैं। भाजपा ने मंडल और बूथ पर टीमों की घोषणा के समय हीये कह दिया था कि ये 2027 की चुनावी जंग के लिए एक तरह से हम फौज तैयार कर रहे हैं।

इसी दौरान चुनाव आयोग की ओर से एमएलसी चुनाव के लिए वोटिंग लिस्ट अपडेट करने का प्रोग्राम आ गया। मतदाता बनाये जाने हैं और निष्क्रीय मतदाताओं के नाम कटवाये जाने हैं। इससे पहले मेरठ वाली बैठक में पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियों का बिगुल बजाया था। भाजपा पंचायत चुनाव में भले ही सिम्बल के साथ नहीं आ रही है लेकिन उसने ये ऐलान कर दिया है कि हम अपने कार्यकर्ताओं को लड़ायेंगे।

पार्टी का समर्थित उम्मीदवार ही एकतरह से पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार होगा। विधानसभा के लिए तैयारी चल ही रही है। सूत्र बताते हैं कि अब देवतुल्यों ने भी अपनी प्लानिंग तय कर दी है और वो भी केवल विधानसभा के लिए नारे लगाना नहीं चाहते है। वो खेद को एमएलसी वोट बनवाने तक सीमित नहीं रखना चाहते हैं। वो अब आयाम से आगे का काम चाहते हैं।

सूत्र बता रहे हैं कि विधानसभा के साथ-साथ ही वार्ड वाली तैयारी शुरू हो गई है। जिन्हें वार्ड का चुनाव लड़ना है उन्होंने अंदरखाने जनसम्पर्क बढ़ा दिया है। चाय पर चर्चा शुरू हो गई है और दावेदार तो वोटर लिस्ट भी अपने घर पर ले आये हैं और एक एक वोट को लेकर मंथन और चिंतन हो रहा है। हर वार्ड में ये तैयारी चल रही है।

### जब एक वार्ड से आये थे 18 दावेदार

करंट क्राइम। टिकट की बात करें तो यहां सब से ज्यादा डिमांड में भाजपा का टिकट है। जब चुनाव की बेला थी तो दावेदार का बड़ा बूम भाजपा में था। एक वार्ड से केवल भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए 18 दावेदार मैदान में आ गये थे। इनमें कई तो ऐसे भी थे जो टिकट ना मिलने पर बागी होकर चुनाव लड़े। कुछ जीत भी गये और कुछ हार भी गये। हालांकि बाद में ये भी हुआ कि जिन्होंने भाजपा को हराने के लिए पूरा जोर लगाया था। फिर भाजपा के संगठन वाले नेता ही उन बागियों को फिर से वापस भाजपा में ले आये। अब ये बागी इस बार क्या करेंगे, इस पर सभी की निगाह है। सूत्र बताते हैं कि टिकट नहीं मिला तो फिर से बगावत होगी। हालांकि अभी इसमें समय है।

### क्या महानगर अध्यक्ष के रूप में संजीव शर्मा के रिकार्ड को तोड़ पायेंगे मयंग गोयल

करंट क्राइम। निगम चुनाव जब हुआ तो बगावत की आंधी आ गई। वैशाली से मनोज गोयल की पत्नी बागी होकर चुनाव लड़ी तो राजनगर में विनीत शर्मा ने मंडल अध्यक्ष होते हुए मोर्चा खोला और चुनाव लड़ा। पूर्व पार्षद हिमांशु लव के बेटे मनु वशिष्ठ निर्दलीय चुनाव लड़े और नामित पार्षदों में मोहन सिंह रावत चुनाव लड़े। कुछ जीते, कुछ हारे और यहां अध्यक्ष के रूप में जबरदस्त सफलता संजीव शर्मा के खाते में आई। बगावत वाली आंधी में भी वो पहले के मुकाबले भाजपा केखाते में 10 सीटे अधिक लेकर आये। भाजपा उन मौहल्लों में भी जीत गई जहां वो पहले कभी नहीं जीती थी। लेकिन अब इस सियासी गंगा में काफी पानी बह गया है। अब मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष हैं और निगम चुनाव उन्हीं की देख रेख में होंगे। ऐसे में उनकी कप्तानी में मैच कितना रोचक होगा, ये देखने की बात है। क्या वो संजीव शर्मा का रिकार्ड तोड पायेंगे और भाजपा के खाते में उनके कार्यकाल में और ज्यादा सीटें लेकर आयेंगे।

### किन वार्डों में चलेगी भगवा टिकट पर कैंची

करंट क्राइम। हालांकि अभी चुनाव दूर हैं और अभी से कुछ भी कहना मुश्किल है। लेकिन जिन्हें चुनाव लड़ना है उनके लिए समय कम है। वो ये मानकर चल रहे हैं कि एक एक वोट पर फोकस करना होगा। वहीं भाजपा में ही कुछ चेहरे इस बात को लेकर खुश हैं कि कई पार्षदों का टिकट इस बार कटेगा। टिकट कटने की वजह टैक्स वाले आंदोलन से लेकर बैठक वाले तेवर हो सकते हैं। अभी से ये बात हो रही है कि नदिया पार के कई वार्ड ऐसे हैं जहां टिकट पर कैंची चलेगी। क्योंकि नए चेहरे अपनी सैटिंग बिठा रहे हैं। कई वार्ड ऐसे हैं जहां भाजपा वालों ने ही मौजूदा पार्षद की फिल्डिंग लगा दी है। किसी का ऑडियो तैयार है तो किसी की वीडियो तैयार है और समय आने पर उसे वायरल भी किया जायेगा। भाजपाई ही आपस में इस बात को करते हैं और बताते हैं कि जब पांच बार के पार्षद का टिकट कट सकता है और पांच बार के पार्षद वार्ड का चुनाव हार सकते हैं तो फिर पहली बार के पार्षदों का टिकट क्यों नहीं कट सकता। वो इसके लिए कई उदाहरण भी देते हैं और वो ये भी बताते हैं कि पार्टी इस बार हमारे चेहरों को भी कंसीडर करेगी।

### वर्तमान पार्षद भी कर रहे हैं दूसरी सीटों पर गुणा-भाग वाला वर्क

करंट क्राइम। वार्ड वाली लड़ाई भाजपा में हार्ड होने जा रही है। ऐसा नहीं है कि केवल संगठन वाले ही सबकुछ जानते हैं। भाजपा के देवतुल्य भी अब सियासत जानते हैं और वो भी बदलते समय की नब्ज पहचानते हैं। मौजूदा पार्षदों ने अभी से अड़ोस और पड़ोस के वार्ड में चहलकदमी बढ़ा दी है। किसी को ये अंदाजा है कि इस बार उनका वार्ड ओबीसी हो जायेगा तो वो जनरल कैटेगरी वाले वार्ड की तरफ मूव कर रहे हैं। किसी को ये लग रहा है कि वार्ड सामान्य रहेगा तो वो आरक्षित वार्डों पर काम कर रहे हैं। कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें ये पता है कि वार्ड की जनता विरोध करेगी तो वो इस गतिरोध को दूर करने के लिए दूसरे वार्ड की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। इसके अलावा जो निर्दलीय पिछली बार कम अंतराल से चुनाव हारे थे। उनके अरमान भी अब जगने लगे हैं और मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि उनके कदम भी पड़ने लगे हैं। वो भी लोगों से पूछ रहे हैं कि कोई काम हो तो बताना और निगम की लाईट से लेकर सड़क वाली एप्लीकेशन में दावेदारों के नाम दिखाई देने लगे हैं।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के उस वार्ड में चाचा करते हैं भतीजे की पूरी केयर? भतीजा पार्षद है मगर, पूर्व पार्षद चाचा ने भी डाल ली है बराबर में अपनी चेयर? वो भी सुनते हैं बैठकर जनता की समस्याएं और कराते हैं समाधान? सुना है, उनके विरोधी हैं उनके इस काम से परेशान? वो फैला रहे हैं इस बात की चर्चा? चाचा ने भले ही पार्षदी सौंप दी भतीजे को मगर? अभी तक उनके दिमाग से पार्षदी वाला जुनून नहीं उतरा? कहने वाले ने कहा कि अगर कोई अपने अनुभव का दे रहा है लाभ? तो इसमें क्यों लग रहा है विरोधियों को खराब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के एक पार्षद इन दिनों डेरा डाल लेते हैं जोनल वाले दफ्तर में? सुना है वो लगे हुए हैं निर्माण विभाग से जुड़े किसी विकास वाले मामले के चक्कर में? कहने वाले ने कहा–निर्माण वाले उनकी कितनी मानेंगे 'राय'? आखिर वो जनप्रतिनिधि हैं और उन्हें भी नहीं डालना चाहिए इस तरह से डेरा? कहने वाल ने कहा– इस तरह आने जाने से कम होता है जनप्रतिनिधि का सम्मान? उन्हें तो रखना चाहिए अपना ऐसा कद कि एक फोन पर ही हो जाए काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्यों उठ रही है नदिया पार में इस बात की लगातार चर्चाएं? आखिर क्यों बढ़ रही है कांग्रेस वाले भारद्वाज जी की भाजपा वालों से नजदीकियां? कहने वाले ने कहा– दिल्ली में जब हुआ था उनके बेटे का शादी वाला समारोह? तब, उस कार्यक्रम में विशेष रूप से आए थे केन्द्रीय मंत्री? सुना है काफी देर तक उन्होंने वहां स्टे भी किया था? कहने वाले ने कहा– आप सिर्फ इस बात पर फोकस करो, कांग्रेस नेता के यहां केंद्रीय केन्द्रीय मंत्री का प्रोग्राम फिक्स कराने में किसने निभाई है बड़ी भूमिका? कांग्रेस वाले भारद्वाज जी वैसे ही अब नहीं लेते हैं कांग्रेस में इतनी रूचि?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि रामलीला वाले मैदान में जब करा रहे थे भाजपा वाले पूर्व विधायक अपना प्रोग्राम? तब क्यों उन पर मेहरबान हो गए कांग्रेस वाले ब्राह्मण नेताजी श्रीमान? कहने वाले ने कहा– जैसे ही भाजपा के पूर्व विधायक ने रखा उनके सामने दो गेट 'एज इट इज' रखने का प्रस्ताव? बिना एक सैकेंड की देरी लगाए कांग्रेस नेता गए मान? सुना है, यहां फिर बदला एक मिनट के भीतर ही ये सीन? जब साथ बैठे किसी समर्थक ने कहा– अच्छा रहेगा यदि खुले रहे गेट तीन? बताते हैं, तत्काल प्रभाव से हो गई इस बात पर सहमति? बना ये विचार, तीसरा गेट भी हटेगा, पूर्व विधायक जी के कार्यक्रम सकुशल संपन्न होने के बाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के एक मंडल वाले भगवा महामंत्री ने लिख दी एक पार्षद के लिये कुछ ऐसी बात, जिसे सुनकर पार्षद जी हो गए सैड? सुना है, महामंत्री ने बता दिया अपनी ही पार्टी के पार्षद को मैड? कहने वाले ने कहा– ऐसे तो हो जाती है आपसी बातों की हलचल? उन्हें नहीं लिखना चाहिए था कि हमारे मंडल का पार्षद हो गया है पागल? सुना है, यहां चल रही है आपस में ही भगवा जंग? बताने वाले ने कहा– इसीलिये आया है इस मामले में पागल कहने वाला रंग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इंदिरा वाले मंडल के एक महामंत्री ने रख दी चाय पर पूर्व मंडल प्रधान के सामने अपने मन की बात? सुना है, महामंत्री ने खोलकर बताए पूर्व वाले प्रधान को अपने दिल के जज्बात? उन्होंने कहा– मैडल की बात मुझे कर रही है बहुत ही ज्यादा मानसिक रूप से परेशान? चाय पीते हुए उन्होंने बताया कि मुझे कह दिया तुम करा करो दूसरे महामंत्री को रिपोर्टिंग? महामंत्री ने कह दिया कि मैं इतना प्रेशर नहीं झेल सकता हूं महाराज? महामंत्री ने कहा– मैडम बना रही हैं मुझ पर बिना मतलब का दबाव? महामंत्री ने चाय खत्म करने के साथ ही कर दिया ऐलान? कुछ भी हो जाए मैं कायम रखूंगा मान और सम्मान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस वार्ड में चल रही है धर्मशाल में स्कूली बच्चों की पाठशाला? उसी वार्ड का एक नागरिक हो गया जब पानी की सप्लाई को लेकर मतवाला? उसने कहा– वार्ड में नहीं आ रहा है पानी? सुना है तब पार्षद जी ने बिठाकर उसे बताई पानी की पूरी सप्लाई मुंहजुबानी? कहा– तीन एचपी के पंप लगवा दिये हैं वार्ड में और बताया कि शुरू हो गई है सप्लाई? पार्षद जी ने कहा– फिर भी लोग कर रहे हैं शिकायत? असल में वो गंगाजल कब आएगा वाली फिल्म से हो गए हैं कुछ ज्यादा ही प्रभावित? आप कहो तो अब सबकुछ छपवा दूं में कार्ड में?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस तरह से लड़ेंगे हाथ वाले भगवा नगरी में महंगाई की लड़ाई? कहां हैं महिला कांग्रेस और सड़क पर क्यों नहीं दिख रहे हैं कांग्रेस के नेता? कहने वाले ने कहा– जब दिखना है सड़क पर तो हाथ वालों का महिला मोर्चा बैठा हुआ हैं शांत? केवल कमरों में बैठ लेने से नहीं आने वाली है क्रांति? पुराने कांग्रेस ने कहा– हाईकमान भी दूर कर लें यहां के कांग्रेसियों को लेकर अपनी भ्रांति? जिन्हें आप समझ रहे हैं बहुत ज्यादा मजबूत? उनके बूथ पर पता कर लो तो पता चल जाएगा? खुद के मोहल्ले में कैसा है उनका वजूद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाउस वाले लगान को लेकर चल रहा है फूल वालों में ही घमासान? कहने वाले ने कहा कि जिस लड़ाई को लड़ना है समाजवादी और बसपा–कांग्रेस को? उस लड़ाई को लड़ रहे हैं केसरिया दल के लोग? कहने वाले ने कहा कि इतिहास याद रखेगा सरकार में सरकार के ही प्रतिनिधियों का ये प्रयोग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब सरकारी कृपा का वेट करते–करते देवतुल्य होने लगे हैं अपसेट? जब फूल वालों ने ही चली नामित वाली बात को लेकर चर्चा? सुना है वरिष्ठ भाजपाई ने लिस्ट में अपना नाम होने पर आपत्ति जताई ? कहा अगर गलती से भी मेरा नाम कृपा लिस्ट में हो तो प्लीज उसे कटवा देना भाई? अब जब सारा बादल बरस गया तब हम भीग कर क्या करेंगे भाई?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# मिशन शक्ति : बेटियों ने संभाला यातायात और करवाए चालान








**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इंदिरापुरम क्षेत्र में सोमवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जेकेजी स्कूल की 11वीं और 12वीं की छात्राओं को यातायात संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

एसीपी ट्रैफिक प्रथम ज़ियाउद्दीन अहमद और निरीक्षक यातायात संतोष की मौजूदगी में छात्राओं ने प्रमुख चौराहों पर वाहन चालकों को नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया और ऑनलाइन चालान प्रक्रिया भी सीखी। कार्यक्रम के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग, दो-पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले 432 वाहन चालकों के खिलाफ चालान कार्रवाई भी की गई। वहीं यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें।

# यूट्यूबर और भोजपुरी एक्टर मनी मेराज उर्फ मौहम्मद मैराज गिरफ्तार

## महिला ने लगाए दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के आरोप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में खोड़ा पुलिस ने सोशल मीडिया पर मशहूर यूट्यूबर और भोजपुरी अभिनेता मनी मेराज को बिहार की राजधानी पटना से गिरफ्तार किया है। उसपर एक महिला यूट्यूबर ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, जबरन धर्म परिवर्तन, गर्भपात और आर्थिक धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगाए हैं। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि खोड़ा थाने में दर्ज मामले की जांच के दौरान आरोप प्रथम द्दष्टया सही पाए गए। इसके बाद पुलिस टीम ने तकनीकी सर्विलांस और लोकेशन के आधार पर बिहार के पटना में दबिश देकर आरोपी मनी मेराज को गिरफ्तार किया। उसे ट्रांजिट रिमांड पर गाजियाबाद लाया गया है, जहां उससे पूछताछ जारी है।

मनी मेराज का असली नाम मोहम्मद मेराज है। वह यूट्य्यूब पर कॉमेडी वीडियो बनाकर लोकप्रिय हुआ और कई भोजपुरी फिल्मों में अभिनय कर चुका है।




### खोड़ा थाने में दर्ज हुआ था मुकदमा

करंट क्राइम : खोड़ा क्षेत्र की एक महिला यूट्यूबर ने 18 सितंबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने आरोप लगाया कि मेराज ने अपनी असली पहचान छिपाकर दोस्ती की, फिर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपी ने तीन साल तक शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया। महिला ने यह भी बताया कि आरोपी और उसके परिवार ने जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। विरोध करने पर मारपीट की गई और जबरन कलमा पढ़ाया गया। इसके अलावा मेराज ने गर्भपात करवाया और लाखों रुपये की ठगी भी की। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

# आज न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता, बार ने लिया फैसला






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने 7 अक्टूबर यानी आज यायिक कार्य से विर्त रहेने का फैसला लिया है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन सचिव अमित कुमार नेहरा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 7 अक्टूबर को बाल्मीकि जयंती होने के कारण राज्य सरकार द्वारा अवकाश घोषित किया गया है। इसी कारण अधिवक्तागण वादकारी भ्रम की स्थिति में न रहें, इस ध्यान में रखते हुए बार एसोसिएशन ने निर्णय लिया कि मंगलवार सात अक्टूबर को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। साथ ही यह भी तय किया गया कि बाल्मीकि जयंती बार एसोसिएशन सभागार में 12 बजे हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर सभी अधिवक्ताओं से उपस्थित होने की अपील की गई है। बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया कि न्यायिक कार्य 07 अक्टूबर को पूर्ण रूप से स्थगित रहेगा और सभी अधिवक्ता कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# शराब के ठेके पर मोबाइल को लेकर हत्या

## सेल्समैन को शक था दूसरे सेल्समैन ने चुराया है फोन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिटी जोन के नंदग्राम थानाक्षेत्र में सोमवार को मोबाइल को लेकर हुए विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार, नूरनगर स्थित एक शराब के ठेके पर चंद्रपाल उर्फ बनवारी (40) और सेल्समैन राम शंकर (35) के बीच मोबाइल खो जाने को लेकर कहासुनी हुई। जिसके बाद मामला हत्या तक पहुंच गया। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि झगड़ा गुस्से में बदल गया और आरोपी राम शंकर ने पत्थर से चंद्रपाल पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। चंद्रपाल को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। एसीपी ने बताया कि मृतक चंद्रपाल नूरनगर में अपने भाई, भाभी और भतीजों के साथ रह रहा था।

### नंदग्राम क्षेत्र में दस दिन में दो हत्याएं, पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

करंट क्राइम : नंदग्राम थानाक्षेत्र में बीते 10 दिनों के दौरान दो हत्या के सनसनीखेज मामले सामने आए। हालांकि पुलिस के लिए राहत की बात यह रही कि दोनों ही मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उधर डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि दोनों ही मामलों की पूरी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस सतर्कता और तेजी से कार्रवाई के कारण अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सका है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराधों की रोकथाम की जा सके।

आरोपी राम शंकर कानपुर का निवासी है और शराब के ठेके पर सेल्समैन के रूप में कार्य करता था। मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# महर्षि वाल्मीकि जयन्ती आज, स्कूलों में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाल ही में महर्षि वाल्मीकि जयंती को राष्ट्रीय महत्व का सम्मान देने की घोषणा के बाद, गाजियाबाद जिले में मंगलवार को सभी विद्यालयों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद ने सभी प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर सूचित किया है कि इस दिन परिषदीय वित्तविहीन, अशासकीय सहायता प्राप्त, राजकीय, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय, इंटर कॉलेज एवं सभी प्रमुख बोर्ड के स्कूल पूरी तरह से बंद रहेंगे। पत्र में यह भी निर्देशित किया गया है कि अवकाश के दिन स्कूलों में कोई भी शैक्षिक गतिविधि नहीं होगी और सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

जिला प्रशासन के अनुसार यह निर्णय महर्षि वाल्मीकि की कृतियों और उनके योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

# राजनगर एक्सटेंशन की 30 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण बनेगा जनसुविधा का मार्ग



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स के कुशल दिशा-निर्देशन में राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में सड़कों के विकास कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण परियोजना – केडीपी गोलचक्कर से भट्टा संख्या-5 होते हुए हम-तुम रोड तक जाने वाली 30 मीटर चौड़ी सड़क – अब अपने अंतिम चरण की ओर अग्रसर है।

संबंधित खबर, पृष्ठ 8

## संपादकीय

# कड़ी निगरानी हो

दवाओं के उत्पादन में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है। करीब 200 देशों में यहां से दवाएं निर्यात होती हैं और जेनेरिक दवाएं सबसे ज्यादा यहीं बनती हैं। इन उपलब्धियों के बीच राजस्थान और मध्य प्रदेश में कफ सिरप की वजह से बच्चों की मौत शर्मनाक है। इससे स्पष्ट है कि इस फील्ड में जिस तरह की निगरानी, मानक और सुरक्षा उपायों की जरूरत है, उसमें कोताही बरती जा रही है। घटना के बाद एक्शन तमिलनाडु की दवा कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के 'कोल्ड्रिफ' कफ सिरप के नमूने में 48.6% डाई एथिलीन ग्लाइकॉल (ऊएऋ) मिला है, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार इसकी मात्रा 0.10% से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह एक खतरनाक इंडस्ट्रियल केमिकल है, जिसका इस्तेमाल गाड़ियों और मशीनों में होता है। इसकी वजह से पीड़ित बच्चों की किडनी फेल हो गई। घटना सामने आने के बाद कार्रवाई का दौर जारी है। दवाएं वापस ली गई हैं, केस दर्ज हुआ है और नैशनल रेगुलेटर अथॉरिटी उऊरउड ने कई राज्यों में जांच की है। पुरानी गलतियां सवाल है कि पिछली गलतियों से क्या सीखा गया? भारत में बने कफ सिरप पहले भी सवालों में आ चुके हैं। 2022 में गाम्बिया में कई बच्चों की मौत के बाद हल्ड ने एक भारतीय कंपनी के कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की थी। इसके बाद भी कई और जगहों से इसी तरह की शिकायत आई।

मानक से नीचे भारत के फार्मास्युटिकल मार्केट का आकार लगभग 60 अरब डॉलर है। इसका बड़ा हिस्सा छोटी कंपनियों के पास है। उऊरउड ने इस साल अप्रैल की अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ज्यादातर छोटी और मझोली कंपनियों की दवाएं जांच में तयशुदा मानक से कमतर पाई गईं। इस जांच में 68% टरटए फेल हो गई थीं। इससे पहले, जब केंद्रीय एजेंसी ने 2023 में जांच की, तब भी 65% कंपनियों की दवाएं सब-स्टैंडर्ड मिली थीं।

जांच में तेजी सरकार का अनुमान है कि इस साल देश का दवा निर्यात 30 अरब डॉलर को पार कर जाएगा। वहीं, 2030 तक फार्मा मार्केट के 130 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। लेकिन, इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। दवाओं की जांच और निगरानी अभी तक की कमजोर कड़ी साबित हुई है। रिसोर्स और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। केंद्रीय और राज्य की नियामक एजेंसियों को ज्यादा बेहतर तालमेल के साथ और ज्यादा तेजी से काम करने की जरूरत है, क्योंकि यह मामला केवल इकॉनमी या देश की छवि ही नहीं, अनमोल जिंदगियों से जुड़ा है।

# ईडी ने 40 करोड़ की 34 संपत्तियां जब्त की

## पूर्व कमिश्नर दिनेश कुमार पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप

**नई दिल्ली।** ईडी ने एमयूडीए घोटाले मामले में 34 अचल संपत्तियों को कुर्क किया, जिनका बाजार मूल्य 40.08 करोड़ रुपये है। ईडी ने यह जांच लोकायुक्त पुलिस, मैसूर द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी। प्राथमिकी में एमयूडीए द्वारा साइट्स के बड़े पैमाने पर गैरकानूनी आवंटन और घोटाले का मामला सामने आया था।



ईडी ने एमयूडीए (मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण) घोटाले के सिलसिले में 34 अचल संपत्तियों को जब्त किया है। इनमें एमयूडीए के विभिन्न साइट्स भी शामिल हैं। इन संपत्तियों का बाजार मूल्य लगभग 40.08 करोड़ रुपये आंका गया है। बंगलूरू जोनल ऑफिस ने यह कार्रवाई 4 अक्तूबर को भारतीय दंड संहिता की प्रवर्तन एजेंसी के तहत लागू मनी लॉन्ड्रिंग (ढटछअ) 2002 के प्रावधानों के तहत की।

ईडी ने एक बयान में कहा कि अपराध की ऐसी आय का इस्तेमाल जीटी दिनेश कुमार के रिश्तेदारों और सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्तियां खरीदने के लिए किया गया। आगे की जांच में जीटी दिनेश कुमार द्वारा 31 एमयूडीए साइटों के अवैध आवंटन का भी पता चला।

तलाशी में क्या पाया गया मामले में ईडी द्वारा 18 अक्तूबर, 2024 और 28 अक्तूबर, 2024 को तलाशी ली गई। तलाशी से पता चला कि साइटों को 14 मार्च, 2023 के पत्र, 27 अक्तूबर, 2023 के सरकारी आदेश, 2015 में संशोधित कर्नाटक शहरी विकास प्राधिकरण (अधिग्रहित भूमि के मुआवजे के बदले साइटों का आवंटन) नियम, 2009 और कर्नाटक शहरी विकास प्राधिकरण (भूमि के स्वैच्छिक समर्पण के लिए प्रोत्साहन योजना) नियम, 1991 के घोर उल्लंघन में आवंटित किया गया था।

इसके अलावा, ईडी ने कहा कि तलाशी की कार्रवाई से एमयूडीए अधिकारियों और रियल एस्टेट कारोबारियों के बीच गहरी सांठगांठ का भी पता चला। साक्ष्यों से यह भी पता चला कि मुआवजे के तौर पर साइटों के आवंटन और लेआउट की मंजूरी के लिए नकद भुगतान किया गया था। इससे पहले, मामले में ईडी ने अवैध रूप से आवंटित एमयूडीए की कुल 252 साइटों को अस्थायी रूप से कुर्क किया था।

### गैरकानूनी आवंटन और घोटाले का मामला सामने आया

ईडी ने यह जांच लोकायुक्त पुलिस, मैसूर द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी। प्राथमिकी में एमयूडीए द्वारा साइट्स के बड़े पैमाने पर गैरकानूनी आवंटन और घोटाले का मामला सामने आया था। जांच में यह भी सामने आया कि पूर्व एमयूडीए कमिश्नर जीटी दिनेश कुमार ने अवैध रूप से प्राप्त लाभ को विभिन्न माध्यमों से रूट और लेयर किया। दिनेश कुमार को पिछले महीने मनी लॉन्ड्रिंग और साइटों के गैरकानूनी आवंटन के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### 440 करोड़ रुपये की आपराधिक आय कुर्क की जा चुकी है

एजेंसी ने यह भी कहा कि जीटी दिनेश कुमार, जिन्होंने एमयूडीए साइटों का बड़े पैमाने पर अवैध आवंटन किया था, को 16 सितंबर को पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल, जीटी दिनेश कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में अब तक पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत 440 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य की आपराधिक आय कुर्क की जा चुकी है।

## भारत के सेवा क्षेत्र में मजबूत विस्तार की गति सितंबर में नरम पड़ी

## पीएमआई का आंकड़ा फिसलकर 60.9 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर में अगस्त के उच्च स्तर से कम हो गई। इस बीच, भारत के निजी क्षेत्र में मजबूत वृद्धि जारी रही, लेकिन सितंबर के दौरान नए ऑर्डर, अंतरराष्ट्रीय बिक्री, व्यावसायिक गतिविधि और रोजगार में धीमी वृद्धि हुई। भारत की सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में सितंबर माह में मामूली गिरावट दर्ज की गई। यह अगस्त के उच्च स्तर से कम हो गई। मासिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट में यह जानकारी मिली। सर्वे के अनुसार नए व्यवसाय और गतिविधि धीमी दर से बढ़ी। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अगस्त के 15 साल के उच्च स्तर 62.9 से घटकर सितंबर में 60.9 पर आ गया।



### सितंबर का पीएमआई इंडेक्स न्यूट्रल स्तर से ऊपर रहा

रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिस्पर्धी बाजार स्थितियों और लागत नियंत्रण उपायों के चलते यह गिरावट देखी गई है। इसके बावजूद, सितंबर का पीएमआई इंडेक्स 50 के न्यूट्रल स्तर से काफी ऊपर रहा, जो उत्पादन में एक और मजबूत वृद्धि का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दशार्ता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दशार्ता है।

### व्यावसायिक गतिविधि हुई कम

एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत के सेवा क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधि अगस्त के उच्च स्तर से सितंबर में कम हुई है। अधिकांश ट्रैकर्स में नरमी आई है, लेकिन सर्वेक्षण में ऐसा कुछ भी नहीं दिखा जिससे पता चले कि सेवाओं में वृद्धि की गति में कोई बड़ी गिरावट आई है। भंडारी ने कहा कि भविष्य गतिविधि सूचकांक मार्च के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### अंतरराष्ट्रीय बिक्री धीमी गति से बढ़ी

सितंबर में भारतीय सेवाओं की बाहरी बिक्री में वृद्धि तो जारी रही, लेकिन मार्च के बाद यह सबसे धीमी गति से बढ़ी। कंपनियों ने बताया कि अन्य बाजारों में कम कीमतों पर सेवाएं उपलब्ध होने के कारण निर्यात ऑर्डरों की वृद्धि दर पर असर पड़ा है। मूल्य के मोर्चे पर, रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति की गति मध्यम थी, जो मार्च के बाद से सबसे धीमी थी और मोटे तौर पर दीर्घावधि शृंखला औसत के अनुरूप थी।

# आरबीआई के नीतिगत फैसले से एनबीएफसी को मिली मजबूती

**नई दिल्ली।** मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के अनुसार आरबीआई के फैसले ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को बड़ी रहात दी है। आरबीआई ने ऑपरेशनल और उच्च गुणवत्ता वाले इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए एनबीएफसी ऋण पर जोखिम भार कम करने का प्रस्ताव रखा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अक्तूबर के नीतिगत उपाय भारत की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए बड़ी राहत है। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई का फैसला एनबीएफसी और इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग सेक्टर के प्रति आरबीआई के सहायक रुख को दशार्ते हैं। इसमें कहा गया है कि हम मानते हैं कि यह हमारे कवरेज में आने वाले बैंक प्रमोटेड एनबीएफसी के लिए सकारात्मक संकेत है।



### आरबीआई ने एनबीएफसी ऋण पर जोखिम भार कम करने का प्रस्ताव रखा

मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई ने ऑपरेशनल और उच्च गुणवत्ता वाले इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए एनबीएफसी ऋण पर जोखिम भार कम करने का प्रस्ताव रखा है। यह कदम इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग की लागत घटाने और पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन और फ्प्उ जैसी इंफ्रास्ट्रक्चर-फोकस्ड NBFCs को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लिया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि PFC और REC अच्छी तरह से पूंजीकृत और आत्मनिर्भर व्यवसाय हैं, इसलिए इस कदम से संरचनात्मक रूप से सकारात्मक असर होगा, लेकिन तत्काल वित्तीय लाभ सीमित रह सकता है।

### आरबीआई का फैसला का असर

इसके साथ ही, आरबीआई की ये पहल मुख्य सेक्टर्स जैसे हाउसिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर को क्रेडिट फ्लो सुनिश्चित करते हुए संतुलित नियामक दृष्टिकोण को दशार्ती हैं। ये कदम NBFC क्षेत्र में निवेशकों के विश्वास को मजबूत करने और बैंक-प्रमोटेड संस्था-यों के लिए रणनीतिक लचीलापन बढ़ाने में मदद करेंगे।

वहीं, 1 अक्तूबर को मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा। इसके साथ, स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी दर 5.25 प्रतिशत और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (MSF) और बैंक रेट 5.75 प्रतिशत पर स्थिर हैं। जानकारी के अनुसार, SDF दर वह ब्याज दर है।

# बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 583 अंक चढ़ा, निफ्टी 25000 के पार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 582.95 अंक उछलकर 81,790.12 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 183.40 अंक की बढ़त के साथ 25,077.65 पर बंद हुआ।

शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 582.95 अंक या 0.72 प्रतिशत उछलकर 81,790.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 639.25 अंक या 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,846.42 अंक पर पहुंच गया।



वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 183.40 अंक या 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,077.65 पर आ गया। निवेशकों की वैल्यू लिवाली के चलते सोमवार को निफ्टी तीन सत्रों में 466 अंक या 1.89 प्रतिशत बढ़कर 25,000 के स्तर पर पहुंच गया।

ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 65.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.78 प्रतिशत बढ़कर 65.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,583.37 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इटरनल, इंफोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फिनसर्व प्रमुख लाभ में रहे। वहीं टाटा स्टील, अडानी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और टाइटन पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, दूसरी तिमाही के नतीजों से पहले वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्रों में बढ़त के चलते घरेलू शेयर बाजार ने सकारात्मक रुख के साथ सत्र का अंत किया। बड़े बैंकों द्वारा घोषित मजबूत तिमाही अपडेट और आकर्षक मूल्यांकन से बैंकिंग सूचकांक ने बेहतर प्रदर्शन किया।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्केई 225 सूचकांक लगभग 5 प्रतिशत उछल गया, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ। चीन और दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एपीजे अब्दुल कलाम को विज्ञान के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत के नागरिक सम्मान के रूप में 1981 में पद्मभूषण, 1990 में पद्मविभूषण दिया गया था। इन्हें 1997 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारतरत्न' से भी सम्मानित किया गया था।
- डॉक्टर अब्दुल कलाम को प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में भारत का पहला स्वदेशी उपग्रह (एसएलवी तृतीय) प्रक्षेपास्त्र बनाने का श्रेय हासिल है। एपीजे अब्दुल कलाम ने पोखरण में दूसरी बार न्यूक्लियर विस्फोट भी परमाणु ऊर्जा के साथ किया। इस तरह भारत ने परमाणु हथियार के निर्माण की क्षमता प्राप्त करने में सफलता अर्जित की।
- इसके अलावा डॉक्टर कलाम ने भारत के विकास स्तर को 2020 तक विज्ञान के क्षेत्र में अत्याधुनिक करने के लिए एक विशिष्ट सोच भी प्रदान की। कलाम ऐसे तीसरे राष्ट्रपति रहे हैं जिन्हें 'भारतरत्न' का सम्मान राष्ट्रपति बनने से पूर्व ही प्राप्त हुआ है, अन्य दो राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन और डॉक्टर जाकिर हुसैन हैं। राष्ट्रपति के अलावा वे एक आम इंसान के तौर पर वे युवाओं की पहली पसंद और प्रेरक रहे हैं। उनकी बातें, उनका व्यक्तित्व, उनकी पहचान न केवल एक राष्ट्रपति के रूप में हैं बल्कि जब भी लोग खुद को कमजोर महसूस करते हैं, कलाम का नाम ही उनके लिए प्रेरणा बन जाता है।

## राशिफल

**मेष:** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत से मुलाकात होगी। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। धनलाभ सुगमता से होगा। प्रसन्नता एवं उत्साह बने रहेंगे।

**वृष:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जल्दबाजी भारी पड़ सकती है। घर-परिवार की चिंता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन:** चोट व रोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। कानूनी बाधा दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यस्तता रहेगी। आराम का समय नहीं मिलेगा।

**कर्क:** शत्रु पस्त होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। संपत्ति की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। लाभ में वृद्धि होगी। प्रमाद से बचते हुए कोशिश करें।

**सिंह:** आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। अटके कार्यों में गति आएगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**कन्या:** बुरी सूचना मिल सकती है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। परिवार में मतभेद हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें।

**तुला:** थोड़े प्रयास से ही कार्य पूर्ण होंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनलाभ होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक:** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। शुभ सूचना प्राप्त होगी। प्रसन्नता रहेगी। यात्रा सुखद रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। धनहानि संभव है।

**धनु:** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें। बेचैनी रहेगी।

**मकर:** पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। बनते कामों में विलंब होगा। बेवजह कहासुनी हो सकती है। शांति बनाए रखें।

**कुंभ:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की आवश्यकताओं पर खर्च होगा। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी।

**मीन:** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यसिद्धि होगी।

## चुटकुले

चिंटू जंगल से जा रहा था... अचानक भालू देखकर सांस रोककर जमीन पर लेट गया
भालू- अभी मुझे भूख नहीं है, वरना सारी होशियारी निकाल देता।

---

लड़की- मेरे चेहरे में जलन हो रही है
डॉक्टर- आपके चेहरे का हमें एक्स रे करना पड़ेगा
लड़की- एक्स रे में क्या होता है
डॉक्टर- चेहरे की फोटो खींची जाती है...
लड़की- 5 मिनट रुको मैं मेकअप कर लूं

---

सप्पू- सबसे शुद्ध माल अपने कस्टमर को कौन बेचता है?
गप्पू- बिजली विभाग
सप्पू- वो कैसे?
गप्पू- हाथ लगाकर देख ,पता चल जाएगा।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पाकिस्तानियों ने की नस्लीय टिप्पणी! भारतीय टीम और फैंस ने दिया करारा जवाब



**नई दिल्ली।** भारत से हार पर हार मिलने के बावजूद पाकिस्तानी फैंस सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। रविवार को महिला वनडे विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने कुछ ऐसा किया, जिसने सभी को चौंका कर रख दिया। इसके बाद पाकिस्तानी फैंस ने भारतीय खिलाड़ियों को लेकर सोशल मीडिया पर नस्लीय टिप्पणी की। हालांकि, भारतीय महिला टीम ने पुरुष टीम की तरह शब्दों का इस्तेमाल करने की जगह अपने प्रदर्शन से करारा जवाब दिया और पाकिस्तानियों को आईना दिखाया। भारत ने पाकिस्तान को 88 रन के बड़े अंतर से हराया। वहीं, पाकिस्तान टीम की यह बांग्लादेश के बाद दूसरी हार रही। वहीं, भारत के खिलाफ वनडे में अब तक पाकिस्तान सभी 12 के 12 मैच गंवा चुका है।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, कोलंबो में मैच के दौरान मैदान पर कीड़ों का आतंक हुआ था। मैदान पर काफी कीड़े आ गए थे जिस कारण खिलाड़ियों को खेलने में दिक्कत आ रही थी। इस कारण दो बार मैच बाधित हुआ। इसके बाद मैदानकर्मी कीड़ों को भगाने के लिए स्प्रे छिड़कते नजर आए। मैच जब रोका गया उस वक्त पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 34 ओवर की समाप्ति तक चार विकेट पर 154 रन बना लिए थे। कीड़ों के आतंक के कारण मैच करीब 15 मिनट तक रोका गया।

मैच जब दोबारा शुरू हुआ तो पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने भी कीड़ों को भगाने के लिए कीटनाशक स्प्रे किया। वीडियो में पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना स्प्रे करती नजर आ रही हैं। इस पर पाकिस्तानियों ने नस्लीय टिप्पणी करनी शुरू कर दी और सोशल मीडिया पर लिखा 'भारतीय बल्लेबाजों के आने से पहले पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने वातावरण को शुद्ध करने के लिए स्प्रे किया।' इस पर भारतीय फैंस ने करारा जवाब दिया और लिखा, 'क्या यह घटिया नस्लीय टिप्पणी नहीं है?' वहीं, दूसरे भारतीय फैन ने मैच का स्कोरकार्ड और भारतीय टीम की जीत का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए लिखा- कुछ ही देर बाद। वहीं, तीसरे भारतीय फैन ने 'हिट' की तस्वीर साझा की और लिखा कि भारत ने इसका इस्तेमाल कर पाकिस्तान टीम का सफाया कर दिया।

### मैच में क्या हुआ?

भारतीय टीम ने भी कुछ कहने की जगह अपने प्रदर्शन से पाकिस्तानियों को जवाब दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 247 रन बनाए। प्रतिका रावल ने 31 रन, स्मृति मंधाना ने 23 रन, हरलीन देओल ने 46 रन और जेमिमा रोड्रिग्स ने 32 रन की पारी खेली। ऋचा घोष ने 20 गेंद पर ताबड़तोड़ 35 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से डायना बेग ने चार विकेट लिए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 43 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। सिदरा अमीन ने 81 रन और नतालिया परवेज ने 33 रन की पारी खेली। भारत की ओर से क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि स्नेह राणा को दो विकेट मिले।

# प्रमोद भगत का अबिया पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन, तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार अनुभवी पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूनामेंट में तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। प्रमोद ने 30 सितंबर से पांच अक्तूबर तक नाइजीरिया के अबिया में हुए इस टूनामेंट में अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा है। भगत ने दूसरा गेम हारने के बाद मजबूती से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। नुरुल हुसैन खान ने पुरुष एकल डब्ल्यूएच2 में रजत पदक जीता जबकि उमा सरकार ने महिला एकल एसएल3 में रजत पदक हासिल किया। सरकार ने आरती के साथ मिलकर महिला युगल एसएल3-एसयू5 में कांस्य पदक भी जीता। अन्य नतीजों में नीलेश गायकवाड़ (पुरुष एसएल4) और कनक सिंह जादौन (महिला एसएल4) ने कांस्य पदक जीते। पुरुष एकल एसयू5 में भारत के लिए करण पनीर, राहुल विमल और सतीवाड़ा ने क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया।

### सुकांत कदम के साथ जीता युगल वर्ग का स्वर्ण

इसके बाद भगत ने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता जिसमें उन्होंने पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लोस्टानौल और डायना रोजास गोलाक को 21-13, 21-17 से हराया। भगत को तीसरा खिताब मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में मिला जिसमें उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर एक और करीबी फाइनल जीता। इस बीच रणजीत सिंह ने तीन कांस्य पदक जीते। उन्होंने पुरुष एकल डब्ल्यूएच1, पुरुष युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 (परमजीत सिंह के साथ) और मिश्रित युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 (शबाना के साथ) में तीसरा स्थान हासिल किया।

# लेवानदॉस्की की चूक से बार्सिलोना को मिली हार

## पुलिसिच की गलती से रुका मिलान का जीत का सिलसिला

**स्पेन।** स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रविवार का दिन बार्सिलोना के लिए निराशाजनक रहा। टीम को सेविला के खिलाफ 1-4 की करारी हार झेलनी पड़ी, जो उसकी लगातार दूसरी हार है। इससे पहले बार्सिलोना को चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

इस मुकाबले में रॉबर्ट लेवानदॉस्की के पास पेनल्टी के जरिए गोल करने का शानदार मौका था, लेकिन वह गोल पोस्ट को भेद नहीं सके। उनके शॉट को सेविला के गोलकीपर ने बेहतरीन तरीके से रोक लिया, जिससे टीम के वापसी के मौके लगभग खत्म हो गए।

मैच के दौरान टीम के युवा स्टार लेमिन यमाल चोटिल होकर मैदान से बाहर हो गए, जिससे जावी की टीम के लिए मुश्किलें और बढ़ गईं। इस हार के साथ बार्सिलोना अंक तालिका में पिछड़ गई है, जबकि रियल मैड्रिड ने शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। रियल मैड्रिड ने शनिवार को विलारीयाल को 3-1 से हराकर दो अंकों की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना, जो इस मैच से पहले तक अजेय थी, अब अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले अपनी रणनीति पर गंभीर समीक्षा करेगी।



### पुलिसिच की पेनल्टी मिस से रुक गया मिलान का जीत का सिलसिला

इटली की सिरी ए लीग में भी रविवार को कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला जब एसी मिलान को यूवेंटस के खिलाफ 1-1 के ड्रॉ पर रुकना पड़ा। इस मैच में स्टार अमेरिकी खिलाड़ी क्रिस्टियन पुलिसिच ने पेनल्टी का मौका गंवा दिया।

पुलिसिच, जिन्होंने इस सीजन में मिलान के लिए छह गोल दागे और दो असिस्ट किए हैं, ने मैच के अहम क्षण में गोल करने का मौका खो दिया। उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से चला गया और टीम को जीत से वंचित कर दिया। यह पुलिसिच के पेशेवर करियर का केवल दूसरा मौका था जब वे पेनल्टी को गोल में नहीं बदल सके। पिछले सीजन में भी उनके शॉट को टोरिनो के गोलकीपर सर्गेज मिलिनकोविच-साविच ने रोका था।

इस ड्रॉ के साथ एसी मिलान की लगातार पांच जीतों की लड़ी टूट गई है। टीम अब तीसरे स्थान पर खिसक गई है और नेपोली व रोमा से दो अंक पीछे है, जिन्होंने अपने मुकाबले जीतकर शीर्ष की दौड़ में जगह बनाए रखी है। नेपोली ने एक गोल से पिछड़ने के बाद जिनोआ को 2-1 से हराया, जबकि रोमा ने भी फायोरेंटिना को 2-1 से मात दी।

### यूरोपीय दिग्गजों के लिए चेतावनी

बार्सिलोना और एसी मिलान दोनों की टीमें अपने-अपने लीग में दिग्गज मानी जाती हैं, लेकिन पेनल्टी जैसे मौकों को गंवाने से उनका लय बिगड़ गया है। दोनों टीमों के कोचों के लिए यह अंतरराष्ट्रीय ब्रेक रणनीति और आत्मविश्वास को फिर से मजबूत करने का सही समय साबित हो सकता है।

# आर्कटिक ओपन में लक्ष्य और किदांबी पर होंगी नजरें, भारतीय खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत की नजरें मंगलवार से शुरू हो रहे आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूनामेंट में दमदार प्रदर्शन करने की होगी। इन दोनों भारतीय खिलाड़ियों के पास यहां मौजूदा सत्र में अपना पहला खिताब जीतने का अच्छा अवसर रहेगा। लक्ष्य को पहले दौर में जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त कोडाई नाराओका की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। वहीं, श्रीकांत अपने अभियान की शुरूआत रासमुस गेम्के के खिलाफ करेंगे।

### हांगकांग ओपन के उपविजेता रहे हैं लक्ष्य

इस सत्र में लक्ष्य सिर्फ हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचे जहां वह उपविजेता रहे थे। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य को नाराओका को हराने के लिए



आक्रामकता और संयम के बीच संतुलन बनाना होगा क्योंकि विरोधी खिलाड़ी का डिफेंस मजबूत है और वह कमजोर खेल का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। दूसरी ओर, मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले श्रीकांत पूरे सत्र में निरंतरता की कमी से जूझते रहे हैं। श्रीकांत को डेनमार्क के खिलाड़ी को पछाड़ने के लिए तकनीकी विविधता और नेट पर खेल के नियंत्रण पर निर्भर रहना होगा। भारत के युवा खिलाड़ियों में इस साल यूएस ओपन सुपर 300 के साथ अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले आयुष शेट्टी पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न की कड़ी चुनौती का सामना करेंगे। मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले थारुण मन्नेपल्ली का सामना फ्रांस के सातवें वरीयता प्राप्त टोमा जूनियर पोपोव से होगा, जबकि इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर मौजूदा सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले किरण जॉर्ज पहले दौर में जापान के कोकी वातानबे से भिड़ेंगे। एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को पहले दौर में फ्रांस के तीसरे वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव की कड़ी चुनौती मिलेगी।

महिला एकल में तान्या हेमंत पहले दौर में चीनी ताइपे की हुआंग चिंग पिंग के खिलाफ उतरेंगी, जबकि अनमोल खरब का सामना चीनी ताइपे की ही छठी वरीयता प्राप्त लिन शियांग से होगा। महिला युगल में कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी की भिड़ंत येउंग एनगा टिंग और येउंग पुई लैम की हांगकांग की पांचवीं वरीयता जोड़ी से होगी, जबकि ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो मिश्रित युगल में फ्रांस के लुकास रेनॉयर और कैमिली पोग्नांटे के खिलाफ उतरेंगे।

# नाकामुरा ने गुकेश के राजा के मोहरे को दर्शकों के बीच क्यों फेंका?

**टेक्सास।** टेक्सास के आर्लिंगटन में आयोजित 'चेकमेटः भारत बनाम अमेरिका' प्रदर्शनी इवेंट में रविवार को एक विवादास्पद घटना घटी। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारु नाकामुरा ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियन डी. गुकेश को हराने के बाद उनके राजा के मोहरे को दर्शकों की ओर फेंक दिया। इस निंदनीय कदम ने सोशल मीडिया पर चर्चा और आलोचना का तूफान खड़ा कर दिया। बहुत से लोगों ने कहा कि शतरंज जैसे खेल में इस तरह की विवादित हरकतों की कोई जगह नहीं है।



### आलोचना और विरोध

रूस के पूर्व विश्व चैंपियन और ग्रैंडमास्टर व्लादिमीर क्रैमनिक भी इस घटना की आलोचना में सबसे आगे रहे। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'यह सिर्फ अशिष्टता नहीं है, बल्कि आधुनिक शतरंज के गिरावट का संकेत है।' क्रैमनिक ने एक अन्य पोस्ट में नाकामुरा पर खेल को नुकसान पहुंचाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने लिखा, 'ऐसे कई खिलाड़ी हैं जो सम्मान और परिपक्व व्यवहार दिखाते हैं। इनमें वेस्ली सो, खुद गुकेश और कई अन्य शामिल हैं। वर्षों से खराब व्यवहार वाले खिलाड़ियों (नाकामुरो) को बढ़ावा देना हमारे खेल को नुकसान पहुंचाता है।'

हालांकि बाद में यह रिपोर्ट सामने आई कि राजा के मोहरे को फेंकने की हरकत आयोजकों द्वारा पहले से ही योजना बनाई गई थी। प्रसिद्ध शतरंज विशेषज्ञ लेवी रोजमन ने अपने यूट्यूब चैनल पर बताया, 'बिना संदर्भ के यह एक अप्रत्याशित और असम्मानजनक हरकत लग सकती है। लेकिन आयोजकों ने हमें इसे करने के लिए प्रोत्साहित किया था। मुझे याद है कि अगर मैंने या सागर शाह ने जीत हासिल की, तो हमें राजा के मोहरे को तोड़ना था। यह सब मनोरंजन के लिए था। गुकेश और हिकारु के मैच का विजेता राजा के मोहरे को दर्शकों में फेंकता। मुझे नहीं पता कि गुकेश ऐसा करते या नहीं। हिकारु ने बाद में गुकेश से बात की और बताया कि यह केवल शो के लिए था और कोई अपमान नहीं था।'

नाकामुरा ने भी अपने यूट्यूब चैनल पर अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा, 'यह मेरे सबसे अच्छे व्यक्तिगत अनुभवों में से एक था। हम इतनी लंबे समय से शतरंज खेल रहे हैं कि जीत का जश्न अकेले मनाना सामान्य हो गया है। शतरंज एक ऐसा खेल है जिसमें कभी-कभी आप अपने प्रयासों की कोई पुष्टि महसूस नहीं करते। भारतीय खिलाड़ी, भले ही हार गए, उन्होंने भी शानदार समय बिताया। यह इवेंट मेरी उम्मीदों से कहीं बेहतर था।'

नाकामुरा ने इस घटना को केवल इवेंट के शो और मनोरंजन का हिस्सा बताया। उनका कहना है कि इस तरह की गतिविधियां दर्शकों के लिए रोमांचक होती हैं और उन्हें यह अनुभव व्यक्तिगत और मजेदार लगा। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए जीत का जश्न मनाना आम बात है। लेकिन इस इवेंट ने मुझे और भारतीय खिलाड़ियों को दर्शकों के सामने खेल का आनंद लेने का अवसर दिया। यह अनुभव अनोखा और यादगार था।'

सोशल मीडिया पर इस घटना पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। कई शतरंज प्रेमियों ने इसे अशिष्ट, असभ्य और खेल का अपमान बताया। आलोचकों का कहना है कि राजा का मोहरा शतरंज का प्रतीक है और इसे इस तरह फेंकना अनुचित है, खासकर जब यह विश्व चैंपियन जैसे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के खिलाफ किया गया हो। इस घटना ने शतरंज समुदाय में यह बहस छेड़ दी कि क्या खेल में मनोरंजन के लिए इस तरह की नाटकीय हरकतें स्वीकार्य हैं या नहीं।

# पहली बार किसी विदेशी टी20 लीग में हिस्सा लेंगे भारतीय खिलाड़ी, एक दिसंबर से होना है टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** श्रीलंका की घरेलू टी20 फ्रेंचाइजी लीग लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) ने सोमवार को बताया कि भारतीय खिलाड़ी पहली बार इस टूनामेंट में हिस्सा लेंगे। इस लीग का छठा संस्करण एक दिसंबर से शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से हालांकि, इस बारे में कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है। एलीपीएल के आगामी सत्र में कुल 24 मैच होंगे जिसमें 20 ग्रुप चरण और चार नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे।

एलपीएल के मुकाबले तीन आयोजन स्थल पर खेले जाएंगे जिसमें कोलंबो का आर प्रेमादास स्टेडियम, कैंडी का पल्लेकल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला का रानगिरी दांबुला इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम शामिल है। एलपीएल ने बयान जारी कर कहा, पहली बार भारतीय क्रिकेटरों के इस टूनामेंट में खेलने की उम्मीद है।




उनके नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी जिससे पूरे क्षेत्र के प्रशंसकों में उत्साह का एक नया स्तर जुड़ जाएगा।

इस प्रारूप के अनुसार लीग चरण के दौरान सभी पांच फ्रेंचाइजी एक-दूसरे के खिलाफ दो बार प्रतिस्पर्धा करेंगी। राउंड रॉबिन चरण के अंत में शीर्ष चार में रहने वाली टीम प्लेऑफ में जगह बनाएंगी। शीर्ष दो टीम क्वालिफायर एक में खेलेंगी जिसका विजेता सीधे फाइनल में जगह बनाएगा। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम एलिमिनेटर में आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले का विजेता क्वालिफायर एक में हारने वाली टीम से क्वालिफायर दो में भिड़ेगा जिससे फाइनल में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा। भारतीय खिलाड़ी अब तक विदेशी टी20 लीग में हिस्सा नहीं लेते हैं। अगर भारतीय खिलाड़ी एलपीएल में शामिल होंगे तो यह पहली बार होगा जब किसी विदेशी टी20 लीग में भारतीय खिलाड़ी नजर आएंगे। दरअसल, केंद्रीय अनुबंध में शामिल खिलाड़ियों और आईपीएल में खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बीसीसीआई विदेशी लीग में खेलने की इजाजत नहीं देता है।

# अमेरिका की अमांडा अनीसीमोवा बनीं चीन ओपन की चैंपियन, लिंडा नोस्कोवा को फाइनल में हराया



**वाशिंगटन।** अमेरिका की अमांडा अनीसीमोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन ओपन टेनिस टूनामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। अमांडा ने रविवार को फाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-0, 2-6, 6-2 से हराकर इस हार्ड कोर्ट इंडोर टूनामेंट का खिताब अपने नाम किया। सेमीफाइनल में हमवतन कोको गॉफ को शिकस्त देने वाली अनीसीमोवा ने शानदार बैकहैंड विनर के साथ मैच खत्म किया। यह चीन ओपन में उनका पहला खिताब है। 20 साल की नोस्कोवा ने तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले के आखिरी क्षणों में उन पर थकान हावी हो गई। अनीसीमोवा इस साल यूएस ओपन और विंबलडन दोनों की उपविजेता रही हैं और अब वह विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। यह इस सत्र में उनका दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब है। नोस्कोवा 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 प्रारूप की शुरूआत के बाद से फाइनल में पहुंचने वाली चेक गणराज्य की सबसे युवा खिलाड़ी है।

# पाकिस्तान की पुरुष टीम के बाद महिला टीम ने भी कराई किरकिरी, कैच लेते वक्त दो खिलाड़ी टकराईं

**कोलंबो।** कोलंबो में खेले गए महिला वर्ल्ड कप मुकाबले में भारत और पाकिस्तान के बीच एक मजेदार घटना देखने को मिली। पाकिस्तान की फील्डिंग लापरवाही ने एक बार फिर उसकी किरकिरी कर दी। जहां उनकी गेंदबाजों ने मेहनत से भारत को बांधे रखा, वहीं आखिरी ओवर में हुई फील्डिंग गलती ने पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया। सोशल मीडिया पर फैंस ने इस टक्कर वाले कैच को कॉमेडी ऑफ एरर्स करार दिया है।

### क्या है पूरी घटना?

दरअसल, मैच के दौरान भारत की पारी में पाकिस्तान की दो फील्डर्स आपस में टकरा गईं और एक आसान कैच हाथ से निकल गया। यह घटना भारत की पारी के आखिरी ओवर में हुई, जब ऋचा घोष ने डायना बेग की गेंद पर ऊंचा शॉट खेला। गेंद आसमान में गई और ऐसा लगा कि विकेटकीपर सिदरा नवाज आराम से कैच पकड़ लेंगी, लेकिन बैकवर्ड पॉइंट से



फील्डर भी उसी दिशा में दौड़ी और दोनों खिलाड़ी आपस में भिड़ गईं। परिणामस्वरूप गेंद सिदरा के दस्तानों से छिटक गई और ऋचा को जीवनदान मिल गया।

### पाकिस्तानी टीम की किरकिरी

यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है, और फैंस इसे देखकर पाकिस्तान की महिला टीम की फील्डिंग पर तंज कस रहे हैं। हालांकि राहत की बात रही कि दोनों खिलाड़ियों को किसी प्रकार की चोट नहीं लगी। हालांकि, इससे यह बात तय हो गया कि पाकिस्तान की पुरुष टीम हो या महिला टीम, दोनों ने ही भारत के खिलाफ अपनी किरकिरी करवाई है। भारतीय महिला टीम ने मैच भी 88 रन से अपने नाम किया।

### हरलीन-ऋचा की पारी से संभली भारतीय टीम

इस अजीबोगरीब घटना से पहले भारत की पारी कुछ खास नहीं चल रही थी। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (31) ने तीन लगातार चौकों के साथ तेज शुरूआत दी, लेकिन स्मृति मंधाना (23) एक बार फिर पावरप्ले में ही आउट हो गईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर (19) और हरलीन देओल (46) ने बीच के ओवरों में पारी को संभालने की कोशिश की।

हरलीन ने 65 गेंदों पर 46 रन बनाए और मध्यक्रम में स्थिरता लाई। वहीं ऋचा घोष ने अंत में 20 गेंदों पर 35 रन की धमाकेदार पारी खेलकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उनके शॉट्स में खासतौर पर एक स्वीप और दो छक्के शामिल रहे।

पाकिस्तान की गेंदबाजों ने शुरू से ही भारत पर दबाव बनाए रखा। डायना बेग (4/69) और कप्तान फातिमा सना (2/38) ने मिलकर छह विकेट चटकाए। उन्होंने लगातार विकेट गिराकर भारत को बड़े स्कोर से दूर रखा। मैच की शुरूआत भी कुछ विवादित रही, क्योंकि मैच रेफरी की गलती से टॉस पाकिस्तान के पक्ष में चला गया। इसके अलावा, पारी के दौरान कीड़ों के आतंक के चलते खेल में रुकावट भी आई। टॉस के समय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पाकिस्तान कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। यह वही परंपरा है जो हाल ही में भारतीय पुरुष टीम ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपनाई थी।

जब लगा कि भारत 230 के पार नहीं जा पाएगा, तब ऋचा घोष ने अंतिम ओवरों में जोरदार हिटिंग की। हालांकि पाकिस्तान ने डेथ ओवरों में पांच विकेट चटकाए, लेकिन ऋचा की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ने भारत को 247 रन तक पहुंचा दिया। इसके बाद टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 159 रन पर समेट दिया।

# पैदा होने के 4 घंटे बाद ही बच्ची को थाने आने पड़ा!
## जब ग्रेटर नोएडा में घंटों चला हाईवोल्टेज ड्रामा



**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम:** दनकौर इलाके में रविवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां नवजात बच्ची को जन्म के सिर्फ चार घंटे बाद ही थाने जाना पड़ा। यह मामला मायके और ससुराल पक्ष के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद से जुड़ा है। पुलिस से हुई शिकायत के बाद दोनों पक्षों में जमकर हाईवोल्टेज ड्रामा भी कोतवाली में हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर आरोप लगाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दनकौर निवासी एक युवती की शादी करीब 11 महीने पहले मेरठ के युवक के साथ हुई थी। वह राजस्थान के किशनगढ़ के एक बैंक में मैनेजर है। युवती शादी के बाद से पति के साथ राजस्थान में रह रही थी। विवाद के कारण लगभग चार महीने पहले मायके लौट आई थी। रविवार को महिला ने दनकौर के एक प्राइवेट अस्पताल में कन्या को जन्म दिया।

### इलाके में चर्चा का विषय

दनकौर कोतवाली पुलिस का कहना है कि लड़का पक्ष की ओर से 112 पर शिकायत की गई थी, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। नवजात बच्ची को अस्पताल में उसकी मां के पास पहुंचवा दिया गया है। इस घटना की पूरी इलाके में जमकर चर्चा हो रही है। लोग जानना चाह रहे कि आखिर जिस बच्ची को मां ने जन्म दिया उसे वह कैसे अपने पास रखने से मना कर सकती है।

### मायके वालों ने बच्ची को रखने से किया इनकार

मायके और ससुराल वालों में विवाद के कारण मायके वालों ने नवजात को रखने से इनकार कर दिया। युवती की मां ने दामाद और उसकी मां को बुलाकर बच्ची उन्हें सौंप दी। जन्म के चार घंटे बाद ही मासूम नवजात को लेकर दादी कोतवाली दनकौर पहुंची और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने बच्ची को उसकी मां के पास वापस भिजवाया। शुरूआत में मां ने भी बच्ची को अपने पास रखने से मना किया, लेकिन पुलिस वालों के समझाने के बाद मान गई।

# महानगर टैक्स बार एसोसिएशन के 19वें स्थापना दिवस पर जी एस टी ट्रिब्यूनल मूट कोर्ट का आयोजन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर टैक्स बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने अपना 19वां स्थापना दिवस दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे स्थित रॉयल कॉलेज में मनाया। इस अवसर पर जीएसटी के नवीनतम परिवर्तनों के मद्दे नजर मूट जीएसटी ट्रिब्यूनल कोर्ट का आयोजन किया गया। संगठन के अध्यक्ष एडवोकेट सुनील गोयल ने कहा कि स्थापना दिवस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सदस्यों को जीएसटी के बदलाव की जानकारी देना था। सचिव सुमित बंसल एवं अप्रत्यक्ष कर अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि कस्टम एवं जीएसटी के मेरठ जोन के कमिश्नर संजय मंगल और विशिष्ट अतिथि साहिल सेठी ने दीप जलाकर समारोह का शुभारंभ किया।

सीनियर एडवोकेट गिरीश चौधरी ने बार के पिछले 18 वर्षों से में किए गए कार्यों के बारे में बताया। एजुकेशन एवं सोशल कार्यों का भी पूर्ण विवरण दिया। जिन अधिवक्ताओं और प्रोफेशनल्स को प्रैक्टिस करते हुए 40 से 50 वर्ष हो चुके हैं उनका मुख्य अतिथि द्वारा शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

दिल्ली जी एस टी के उपदेशक एड सुशील वर्मा ने रेवेन्यू काउंसिल की भूमिका निभाई। रश्मि जैन और महानगर बार की ओर से एडवोकेट निखिल गोयल का अंशुल अग्रवाल एडवोकेट सरल सिंघल एवं एडवोकेट मधुर गुप्ता ने केस को प्रेजेंट किया।

# पैसे लेकर परीक्षा पास कराने का ठेका लेने वाला एमबीए पास मुन्नाभाई गिरफ्तार



**नोएडा। करंट क्राइम।** नोएडा पुलिस ने पैसे लेकर छात्रों को पास कराने का ठेका लेने वाले एक व्यक्ति को धर दबोचा है। पैसे लेकर पास कराने वाला व्यक्ति खुद एमबीए है।

थाना फेस 3 थाना पुलिस ने एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वाले एमबीए की डिग्री धारक मुन्ना भाई को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पकड़ा गया युवक आईबीपीएस की परीक्षा में फर्जी दस्तावेज तैयार करके परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। पकड़े गए मुन्ना भाई के पास से पुलिस टीम ने परीक्षार्थी के विभिन्न दस्तावेज, एक आई फोन, लैपटॉप, 5000 रुपये नगद और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

नोएडा के सेक्टर-64 स्थित आर्दश परीक्षा केन्द्र पर रविवार को आईबीपीएस की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान परीक्षार्थियों की जांच कर रही थी। चेकिंग के दौरान मौके से विश्व भास्कर नाम के एक युवक को फर्जी दस्तावेजों के साथ पकड़ा गया। जिसके बाद प्रबंधन द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची फेस-3 थाना पुलिस ने आरोपी विश्व भास्कर पुत्र नंदकिशोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गया आरोपी परीक्षा केंद्र पर आयोजित परीक्षा में मोहित कुमार मीणा के नाम परीक्षार्थी के स्थान परीक्षा दे रहा था।

नोएडा सेंट्रल की एडीसीपी शैव्या गोयल के अनुसार, आरोपी से पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी परीक्षार्थियों को पास कराने झांसा देकर उनसे पैसे वसूलता है। और वह फर्जी एडमिट कार्ड व आधार कार्ड बनाकर उन दस्तावेज के माध्यम से परीक्षा में प्रवेश करता था।

# खेतों में काम कर रही थी महिलाएं अचानक पहुंच गए पुलिस अधिकारी



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में थाना देहात क्षेत्र के गोंडी सलाई के जंगल में खेतों में काम कर रही महिलाओं को पुलिस टीम ने जागरूक किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत उनकी सुरक्षा एवं हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी।

थानाध्यक्ष विजय गुप्ता ने इस अभियान से महिलाओं को मजबूत और सशक्त करना है। उन्होंने महिलाओं को और बालिकाओं को आपातकालीन स्थितियों के लिए 1090, 112 और 181 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि सही जानकारी के साथ स्थानीय पुलिस को सूचना दें। जिस समय रहते मदद की जा सके।

# पुलिस की प्रभावी पैरवी से दो अपराधियों को आजीवन कारावास



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी करते हुए दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल के प्रयासों और थाना सिहानी गेट के विवेचक अशोक कुमार और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ममता गौतम की प्रभावी पैरवी से यह सजा सुनाई गई। मुकदमे में आरोपी पप्पू उर्फ मनीष पंडित थाना सिहानी गेट और मनोज कुमार उर्फ टौकी निवासी थाना मुरादनगर को कोर्ट संख्या-12 गाजियाबाद ने धारा 302/34 भादवि में आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है। इसी के साथ धारा 307 व 25 आर्म्स एक्ट में 7-7 वर्ष के कारावास व 10-10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। यह मामला 14 नवंबर 2004 का है, जब अज्ञात बदमाशों ने वादी के भाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी और भतीजे को घायल कर दिया था।

# गाजियाबाद निवासी शख्स ने किया पीएम और सीएम को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट

## रिपोर्ट दर्ज पुलिस तलाश में जुटी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद निवासी एक शख्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर बेहद आपत्तिजनक पोस्ट किया है। यह पोस्ट फरीदनगर निवासी एक शख्स ने किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शख्स की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, भोजपुर थाना क्षेत्र के कस्बा फरीदनगर निवासी एक शख्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर बेहद अभद्र टिप्पणी की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने कहा कि कस्बा फरीदनगर निवासी हबीब सैफी ने अपने व्हाटसअप पर टिप्पणी की है।




## कब मिलेगा सीयूजी नंबर और टविट्र हैंडल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस के कई अलग-अलग विभाग हैं। हर विभाग के अलग-अलग साहब लोग तो उनके नीचे पूरी टीम दलबल के साथ मुस्तैद रहती है। पर सुनने में आ रहा है कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में एक बड़ा पद बनाया गया, जिसे अब बड़ी और प्रमुख पोस्टिंग से जोड़कर भी देखा जा रहा है। अब विभाग वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रैफिक को लेकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का सबसे ज्यादा फोकस रहता है। बीते दिनों इसी का नतीजा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में डीसीपी स्तर के अधिकारी की तैनाती दी गई है। इस तैनाती के पीछे कहा जा रहा है कि जब प्रदेश वाले बड़े साहब आए थे तो ही डिमांड वाला मैटर उठा था। वैसे बताया जा रहा है कि नई तैनाती मिलने के बाद ट्रैफिक वाले साहब ने हापुड़ चुंगी पर अभियान चलाया गया, तो कई अन्य आयोजन भी कराए जा रहे हैं।



पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं की डीसीपी स्तर के अधिकारी की तैनाती होने के बावजूद अब तक उनको सीयूजी वाला नंबर नहीं उपलब्ध कराया गया है। साथ ही अभीतक उनके पद वाला ट्विटर हैंडल भी रेडी नहीं हुआ, तो शुरू होने की तो बात की क्या की जाए। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जहां डीसीपी स्तर के तीन अधिकारी हैं। तो तीनों के अलग-अलग ट्विटर हैंडल हैं। तीनों अलग-अलग जोन की कमान संभाल रहे हैं। तो ट्रैफिक वाले साहब के पास पद भी है और वह ट्रैफिक के लिए खास नियुक्ति पर भी आएं हैं। पर अभी उनको ना तो नंबर मिला है और ना ट्विटर हैंडल स्पेस, जबकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में यातायात को लेकर सोशल मीडिया पर तमाम तरीके की वीडियो, शिकायतें और बातें सामने आती रहती हैं। पर सवाल उठ रहा है जब अधिकारी से पर्सनली और सोशल मीडिया वाला संपर्क नहीं होगा, तो समस्या, समाधान और संवाद कैसे स्थापित होगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार अधिकारियों की संख्या बढ़ रही हैं, पर सुविधाओं के मामले में अभी कमी नजर आती है। सूत्र बताते हैं कि इस विभाग में तैनात निरीक्षकों पर भी वाहनों का टोटा है, पर जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक की व्यवस्था को सुधारने के लिए साहब द्वारा नए प्रयास किया जा रहे हैं। तो यह भी जरूरी है कि अधिकारियों और कर्मचारियों को सुविधा एवं संसाधन भी मुहैया कराएं जाएं।

# गाजियाबाद में दो जगहों पर लगी भीषण आग

## लाखों का सामान खाक, इंदिरापुरम और संजयनगर की घटनाएं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार देररात से सोमवार सुबह तक गाजियाबाद में दो स्थानों पर लगी भीषण आग में लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही है कि आग की इन दो घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ। इंदिरापुरम के वैभव खंड में कृष्णा अपरा मार्केट की दुकानों को आग लगने से भारी नुकसान हुआ। शिप्रा मॉल के सामने स्थित कृष्णा अपरा मार्केट में रविवार रात करीब 1:30 बजे अचानक आग लग गई।

आग मार्केट के उस हिस्से में लगी जहां खाने पीने की दुकान थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। थोड़ी देर में दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

आग के दौरान दुकानों में रखे सिलेंडर भी धमाके के साथ फटे। गनीमत ये रही कि इस हादसे किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ। वहीं, सोमवार सुबह संजय नगर के विशाल मेगा मार्ट में लगी आग से भी भारी नुकसान हुआ। धुएं के गुबार ने पूरे इलाके को घेर लिया।

आग की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई। आग स्टोर के सेकंड फ्लोर पर लगी जहां तेल और अन्य ज्वलनशील सामान रखा था। एफएसओ राहुल पाल ने बताया कि फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर भेजी गई। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। उन्होंने बताया कि दोनों ही जगहों पर आग शॉर्ट सर्किट से ही लगी है।

# हापुड़ में अब मनचलों की खैर नहीं, महिला पुलिसकर्मियों ने चलाया एंटी रोमियो अभियान



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के धौलाना में त्योहारों के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कपूरपुर थाने की महिला पुलिस कर्मियों ने रविवार की सुबह एंटी रोमियो अभियान चलाया गया।

वहीं, अभियान के तहत वैष्णो धाम मंदिर, कांगड़ा देवी मंदिर, जाहरवीर मंदिर, साईं मंदिर आदि धार्मिक स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती गई। रविवार की छुट्टी होने के चलते सपनावत के कई मंदिरों पर महिलाओं की भीड़ रहती है। इन सभी कि सुरक्षा के लिए पुलिस ने अभियान चलाया।

थाना कपूरपुर की महिला पुलिसकर्मी अनामिका और सुशील ने टीम के साथ मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में चेकिंग की। इस दौरान मंदिर में दर्शन करने पहुंचे युवकों से पूछताछ की गई और संदिग्धों की जानकारी जुटाई गई। पुलिस ने उन्हें धार्मिक स्थलों पर अनुशासन और सम्मान बनाए रखें की जानकारी दी।

एंटी रोमियो टीम लगातार सार्वजनिक स्थानों, बाजारों और मंदिरों के आसपास निगरानी कर रही है। थाना प्रभारी विनोद कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा ताकि महिलाओं को सुरक्षित माहौल मिल सके और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# नोएडा में 1.21 करोड़ का गबन कर गुरुग्राम में मैनेजर की नौकरी कर रहा था आरोपी, हुआ गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश के थाना सेक्टर-142 पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने फर्जी वैट सेटलमेंट आदेश तैयार कर कंपनी के लगभग रुपये 1.21 करोड़ की रकम गबन करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चैतन्य चौहान उर्फ चमन सिंह पुत्र नन्हे सिंह निवासी आसपुर नाथंन गावड़ी, पोस्ट गजस्थल, नजरपुर कलां, अमरोहा (वर्तमान पता वसुंधरा ग्रांट, गाजियाबाद) के रूप में हुई है। उसकी आयु 27 वर्ष बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर गुरुग्राम सेक्टर-32 क्षेत्र से पकड़ा गया है। आरोपी पहले एक कंपनी में मैनेजिंग ट्रैंजक्शन के पद पर कार्यरत था, जहां उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर फर्जी वैट टैक्स सेटलमेंट आदेश तैयार किए और कंपनी के लगभग 1.21 करोड़ रुपये का धोखाधड़ी पूर्वक गबन किया। इस घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा 5 अगस्त 2025 को थाने में तहरीर दी गई थी, जिसके आधार पर थाना सेक्टर-142, नोएडा में मुकदमा दर्ज किया गया था।

इस मामले में एडीसीपी सेंट्रल नोएडा शैव्या गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी चमन सिंह, जो एक चार्टर्ड अकाउंटेंट है। वादी की कंपनी में घोटाला करने के बाद वर्तमान में गुरुग्राम स्थित एक कंपनी में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत है। आरोपी के खिलाफ धारा 420, 408, 467, 468, 471, 472, 484, 475, 120बी भादवि एवं 66डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस आगे की जांच में अन्य सहयोगियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

# हापुड़ में बेकाबू कार का कहर, बाइक को टक्कर मारकर नहर में गिरी, बच्चों समेत चार लोग घायल



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर में तहसील क्षेत्र के गांव झड़ीना के निकट एक कार का नियंत्रित बिगड़ने पर बाइक को टक्कर मारने के बाद कार नहर में जा गिरी। हादसे में दंपती और दो बच्चे घायल हो गए। वहीं, गनीमत रही नहर में पानी कम था, चालक ने कार के नहर में गिरने से पहले ही कूदकर वहां से भाग निकला। तहसील क्षेत्र के गांव झड़ीना के रहने वाले राहुल ने पुलिस को तहरीर देते हुए उल्लेख किया है कि वह शनिवार की रात में रिश्तेदारी से घर लौट रहा था। रास्ते में नहर रेगुलेटर के पास विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही कार उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। कार की टक्कर लगने से उसके साथ ही पत्नी काजल, बेटी अवनी, काव्या गंभीर रूप में घायल हो गई।

राहुल का कहना है कि उसने घायल होने के बाद भी कार चालक को काफी देर तक खोजबीन की, मगर चालक का कोई भी अता पता लग सका। संभवतः वह कार के नहर में गिरने से पहले ही कूदकर वहां से भाग निकला। पीड़ित राहुल ने दोषी कार चालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गनीमत रही नहर में पानी कम था, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच करते हुए चालक की तलाश भी कराई जा रही है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महिला नेता प्रीती चन्द्रा राय ने दैनिक करंट क्राइम के होली महोत्सव से लेकर नवरात्र महोत्सव पर अपनी राय रखी। उन्होंने सामाजिक सहभागिता और सम्मान के मूल मंत्र को समझाया। उन्होंने इस राय को अपनी फेसबुक पोस्ट बनाया। प्रीति चन्द्रा राय की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# भारतीय मूल की छात्रा को मरणोपरांत ब्रिटेन का वीरता पुरस्कार

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने की घोषणा

**लंदन।** भारतीय मूल की ब्रिटिश किशोरी ग्रेस ओ'मैली कुमार को सोमवार को मरणोपरांत 'जॉर्ज मेडल' से सम्मानित किया गया। यह ब्रिटेन का सर्वोच्च नागरिक वीरता पुरस्कारों में से एक है। दो साल पहले नॉटिंघम में चाकू से हमले के दौरान ओ'मैली कुमार ने अपने दोस्त को बचाने की कोशिश में जान गंवा दी थी।



ग्रेस की तब उम्र 19 साल थी। जून 2023 में वह अपने दोस्त बार्नबी वेबर (19 वर्षीय) के साथ नॉटिंघम में विश्वविद्यालय से लौट रही थीं। तभी वाल्डो कालोकैन ने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में दोनों की मौत हो गई थी। बाद में कालोकैन को मानसिक रूप से अस्वस्थ घोषित किया गया और उसे एक उच्च-सुरक्षा वाले अस्पताल में हिरासत में रखने का आदेश दिया गया। मेडिकल की छात्रा थीं ग्रेस ओ'मैली कुमार ग्रेस मेडिकल की छात्रा थीं। वह अपने माता-पिता डॉक्टर संजय कुमार और डॉक्टर सिनेएड ओ'मैली की तरह डॉक्टर बनने की पढ़ाई कर रही थीं। उन्हें देशभर में श्रद्धांजलि दी गई थी और वीरता पुरस्कार से सम्मानित करने की मांग की जा रही थी। ग्रेस एक बेहतरीन खिलाड़ी खी भी थीं। उन्होंने इंग्लैंड की अंडर-18 हॉकी टीम के लिए भी खेला ता और वह एक अच्छी क्रिकेटर

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने की घोषणा

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने जॉर्ज मेडल की घोषणा करते हुए कहा, मैं सभी सम्मान प्राप्त करने वालों को श्रद्धांजलि देना चाहता हूं, जिसमें ग्रेस ओ'मैली कुमार भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने दोस्त की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी विरासत बहादुरी का एक शक्तिशाली उदाहरण बनकर हमेशा जीवित रहेगी। यह पुरस्कार मरणोपरांत दिया जा रहा है और इसे ग्रेस के परिवार को सौंपा जाएगा आधिकारिक प्रशस्ति पत्र में लिखा गया है, ग्रेस ओ'मैली-कुमार को 13 जून 2023 को नॉटिंघम में हुए एक हथियारबंद हमले में हस्तक्षेप करने के लिए जॉर्ज मेडल से सम्मानित किया गया है।

# फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नु का इस्तीफा

## एक महीने से भी कम समय का रहा कार्यकाल

**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नु ने सोमवार को पीएम पद से इस्तीफा दे दिया। सेबेस्टियन लेकोर्नु का बतौर प्रधानमंत्री कार्यकाल एक महीने से भी कम समय का रहा। इसके साथ ही साल 1958 के बाद सेबेस्टियन लेकोर्नु फ्रांस के सबसे कम समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले नेता बन गए हैं।

### मंत्रिमंडल के एलान के बाद निशाने पर आए लेकोर्नु

फ्रांस के प्रधानमंत्री का नियुक्ति के कुछ हफ्ते बाद ही इस्तीफा देना, फ्रांस की राजनीति में गहरे संकट का संकेत दे रहा है। लेकोर्नु को 9 सितंबर को प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त किया गया था। लेकोर्नु को अपने मंत्रिमंडल की घोषणा के बाद ही उनकी अपनी पार्टी और विपक्षी खेमे की आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था। दरअसल लेकोर्नु के मंत्रिमंडल में 18 नामों में से



12 नाम पिछली सरकार में शामिल नेताओं के थे, जिसके बाद लेकोर्नु की आलोचना शुरू हो गई। लेकोर्नु को मंगलवार को अपनी सरकार का रोडमैप बताने के लिए नेशनल असेंबली को संबोधित करना था, लेकिन उससे पहले ही उनका इस्तीफा हो गया।

### फ्रांस में बढ़ता घाटा और कर्ज बड़ी समस्या

लेकोर्नु के इस्तीफे से फ्रांस में राजनीतिक संकट गहरा गया है और राष्ट्रपति मैक्रों पर भी दबाव बढ़ गया है। मैक्रों अब तक तीन असफल अल्पमत सरकारों का नेतृत्व कर चुके हैं। लेकोर्नु को फ्रांस के बढ़ते घाटे को कम करने के लिए संसद में एक संतुलित बजट पारित कराने का राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण काम सौंपा गया था।2024 में फ्रांस का घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.8% और कर्ज 113% था। यह यूरोपीय संघ के नियमों से काफी ज्यादा हैं। यूरोपीय संघ के देश घाटे को 3 प्रतिशत तक सीमित रखते हैं।

दक्षिणपंथी नेशनल रैली (फ्ठ) के नेता जॉर्डन बार्डेला ने पार्टी मुख्यालय में मरीन ले पेन के साथ मीडिया से बात करते हुए संसदीय चुनावों में शीघ्रता का आह्वान किया। राष्ट्रपति खेमे के भीतर भी असंतोष बढ़ रहा था।

# सड़क दुर्घटना में चार भारतीय की मौत

## ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**इटली।** इटली के दक्षिणी हिस्से के मटेरा शहर में हुई एक सड़क हादसे में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। इस घटना की जानकारी रोम स्थित भारतीय दूतावास ने दी है। बता दें कि इससे पहले इटली में नागपुर के एक कारोबारी और उनकी पत्नी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

इटली की समाचार एजेंसी एएनएसए ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित सात सीटों वाली रेनॉल्ट सीनिक कार में छह अन्य लोगों के साथ सवार थे। उनकी कार शनिवार को एग्री घाटी के मटेरा शहर के स्कैनजानो जोनिको नगरपालिका क्षेत्र में एक ट्रक से टकरा गई। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की पहचान 34 वर्षीय कुमार मनोज, 33 वर्षीय सिंह सुरजीत, 31 वर्षीय सिंह हरविंदर और 20 वर्षीय सिंह जसकरण के रूप में की गयी है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय दूतावास दक्षिणी इटली के मटेरा में एक सड़क दुर्घटना में चार भारतीय नागरिकों की दुखद मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करता




है। भारतीय दूतावास ने कहा, हम विवरण प्राप्त करने के लिए स्थानीय इतालवी अधिकारियों के संपर्क में हैं। दूतावास संबंधित परिवारों को हर संभव कांसुलर सहायता प्रदान करेगा। एएनएसए ने बताया कि पांच घायलों को पोलिकोरो (माटेरा) के अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जबकि छठे और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पोटेंजा के सैन कार्लो अस्पताल में स्थानांतरित किया गया।

# समझौता हुआ...पर कभी भी टूट सकती है शांति, मुजफ्फराबाद, रावलकोट और कोटली समेत इलाकों में सुरक्षाबल तैनात



**मुजफ्फराबाद।** पाक-अधिकृत कश्मीर में हालात भले ही नियंत्रण में है, लेकिन तनाव अभी भी बरकरार है। कई इलाकों में सुरक्षा बलों की भारी तैनाती है, जबकि स्थानीय संगठन यह साफ कर चुके हैं कि वे केवल अस्थायी रूप से पीछे हटे हैं। जिससे यह माना जा रहा है कि वहां शांति कभी भी टूट सकती है।

पाक-अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आंदोलनकारी और पाकिस्तान सरकार के बीच हुए समझौते के बाद हालात भले ही फिलहाल नियंत्रण में दिख रहे हों, लेकिन जमीनी तनाव अब भी गहराया हुआ है। मुजफ्फराबाद, रावलकोट और कोटली जैसे इलाकों में सुरक्षा बलों की भारी तैनाती है, जबकि स्थानीय संगठन यह साफ कर चुके हैं कि वे केवल अस्थायी रूप से पीछे हटे हैं। इस समझौते के बावजूद बिजली दरों, गेहूं सब्सिडी और प्रशासनिक अधिकारों को लेकर असंतोष कायम है। स्थानीय मीडिया का कहना है कि यह थोपी गई शांति किसी भी वक्त फिर से टूट सकती है।

### तीन दौर की बातचीत के बाद हुआ समझौता

इस्लामाबाद और पीओके के प्रतिनिधियों के बीच यह समझौता तीन दौर की बातचीत के बाद हुआ, जिसमें मुख्य भूमिका आजाद कश्मीर के प्रधानमंत्री चौधरी अन्वर-उल-हक और पाकिस्तानी गृह मंत्रालय ने निभाई। सरकार ने आंदोलनकारियों की कुछ प्रमुख मांगें स्वीकार कीं हैं, जिनमें बिजली दरों में तत्काल अस्थायी कटौती, गेहूं की कीमतों पर सब्सिडी बहाल करना, गिरफ्तार किए गए प्रदर्शनकारियों की रिहाई और पीओके में प्रशासनिक सुधारों पर एक संयुक्त समिति का गठन शामिल है। स्थानीय समाचार पत्र के अनुसार कई सरकारी अफसरों को गुपचुप निर्देश मिले हैं कि किसी भी नए प्रदर्शन की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की तैयारी रखी जाए।

### वादे पूरे न हुए तो अब होगा और व्यापक आंदोलन

आजाद कश्मीर ज्वाइंट पीपल्स मूवमेंट, पीओके ट्रेडर्स एलायंस, कश्मीर सिविल सोसायटी नेटवर्क और यूथ फॉर फ्रीडम फ्रंट ये चार संगठन इस आंदोलन के प्रमुख आधार थे। इन संगठनों ने अब एक साझा मंच बनाया है, जिसका उद्देश्य सरकार के वादों पर निगरानी रखना है। मुजफ्फराबाद से कश्मीर डेली टाइम्स के संवाददाता साजिद महमूद के अनुसार स्थानीय नेताओं ने तय किया है कि वे फिलहाल हिंसक प्रदर्शन नहीं करेंगे, लेकिन अगर सरकार ने वादे तोड़े तो पूरा इलाका फिर से बंद होगा और आंदोलन पहले से भी ज्यादा ताकतवर और निर्णायक होगा।

### महिलाओं की भूमिका बनी निर्णायक

आंदोलन में पहली बार सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिला संगठनों ने भी अपना नेटवर्क बनाए रखा है। वीमेन वॉइस ऑफ कश्मीर की संयोजक रेशमा तनवीर ने कहा,हमने साबित किया कि पीओके की महिलाएं अब सिर्फ दर्शक नहीं हैं। संगठन का कहना है अगर हमें फिर से सड़कों पर उतरना पड़ा तो इस बार और संगठित ढंग से उतरेंगी। ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के समूह गुपचुप तरीके से राहत सामग्री और सूचना-साझाकरण का नेटवर्क चला रहे हैं, ताकि आंदोलन दोबारा सक्रिय होने की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके।

# पश्चिम एशिया में कुछ दिनों में आएगी शांति : ट्रंप

## रूबियो बोले- हम आतंकियों से निपट रहे

**अमेरिका।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि गाजा शांति योजना पर लगभग सभी देशों की सहमति है। वहीं शांति प्रस्ताव पर मिस्र में सोमवार को तकनीकी टीमें अंतिम बातचीत करेंगी। इसमें पहले चरण में बंधक इस सप्ताह छोड़े जा सकते हैं। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि 'यह गठबंधन आतंकियों के खिलाफ सख्त रुख दिखा रहा है।'

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि गाजा शांति योजना में अब किसी बड़े बदलाव की जरूरत नहीं है, क्योंकि 'लगभग सभी देश इस पर सहमत हैं।' उन्होंने कहा कि कुछ तकनीकी बातें दो-तीन दिनों में तय कर ली जाएंगी और जल्द ही एक बड़ा समझौता सामने आएगा।

### योजना अद्भुत है- डोनाल्ड ट्रंप

व्हाइट हाउस से रवाना होने से पहले मीडिया से बातचीत में ट्रंप ने कहा, 'हमें बहुत लचीलापन नहीं चाहिए क्योंकि लगभग सभी इस पर सहमत हैं। कुछ छोटे बदलाव होंगे, पर योजना अद्भुत है। अगर यह पूरी हो जाती है, तो यह 3000 साल में पहली बार पश्चिम एशिया में स्थायी शांति होगी। यह इस्राइल के लिए भी अच्छा सौदा है और अरब दुनिया, मुस्लिम देशों-सबके लिए फायदेमंद है।' नेतन्याहू बोले- सुक्कोत के दौरान हो सकती है बंधकों की रिहाई इधर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यहूदी पर्व सुक्कोत (जो सोमवार शाम से शुरू होकर एक सप्ताह चलेगा) के दौरान बंधकों की रिहाई हो सकती है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इस्राइल के बंधक मामलों के समन्वयक ने रविवार शाम कहा कि देश 'पूरी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प' के साथ सभी बंधकों को छुड़ाने की कोशिश करेगा।



### बंधकों की रिहाई पर बातचीत तेजी से जारी- ट्रंप

ट्रंप ने बताया कि बंधकों की रिहाई पर बातचीत 'तेजी से आगे बढ़ रही है' और उम्मीद है कि पहले चरण में बंधक इस हफ्ते छोड़े जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 'तकनीकी टीम सोमवार को मिस्र में मिलेंगी ताकि आखिरी बिंदुओं को तय किया जा सके।' उनके मुताबिक, 'समय बहुत अहम है, वरना भारी खून-खराबा हो सकता है- और ऐसा कोई नहीं चाहता।' व्हाइट हाउस ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा कि, 'इस हफ्ते हमास और दुनियाभर के देशों (अरब, मुस्लिम और अन्य) के बीच सकारात्मक बातचीत हुई है।

# नेपाल सेना ने 12 पर्वतारोही को बचाया, लगातार बारिश-भूस्खलन से लांगटांग क्षेत्र में फंसे थे

**कामांडू।** नेपाल सेना ने सोमवार को लगातार बारिश और भूस्खलन के कारण लांगटांग क्षेत्र में फंसे 12 पर्वतारोहियों को सुरक्षित बचाया है। नेपाल सेना के जनसंपर्क निदेशालय के अनुसार, सभी 12 व्यक्तियों को रसुवा जिले के स्याफ्रुबेसी लाया गया है। हालांकि, चार लोग बेरैंग खोला नदी में बह जाने के बाद लापता हैं और उनका अब तक कोई पता नहीं चल पाया है।



### चार पर्वतारोही लापता हुए

जानकारी के मुताबिक, कुल 16 लोगों का यह समूह काठमांडू से लांगटांग नेशनल पार्क क्षेत्र की ओर ट्रेक पर निकला था। शनिवार को लगातार बारिश के बाद एक तेज बहाव वाले झरने में बह जाने से चार पर्वतारोही संस्कृति श्रेष्ठ (26), किसन श्रेष्ठ (25), सनिता श्रेष्ठ (26) और रवि श्रेष्ठ (23) लापता हो गए। इनमें से तीन एक ही परिवार के सदस्य हैं और सभी भक्तपुर जिले के रहने वाले हैं।

### गर्भवती महिलाओं को बचाया

नेपाल सेना, नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा खोज और बचाव अभियान जारी है। इसके अलावा, नेपाल सेना ने इलाम जिले में बारिश और सड़क अवरोध के कारण फंसी चार गर्भवती महिलाओं को भी हेलीकॉप्टर की मदद से सुरक्षित बचाया और नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। काठमांडू वैली ट्रैफिक पुलिस कार्यालय के अनुसार, अधिकांश सड़कों पर अब आवागमन सुचारू है और बाजारों में लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, कोशी, लुंबिनी, कर्णाली और सुदूरपश्चिम प्रदेशों में सोमवार को आसमान अधिकतर बादलों से घिरा रहा, जबकि अन्य प्रदेशों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

### 50 से ज्यादा की मौत

शनिवार और रविवार को देशभर में बाढ़, भूस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से कम से कम 46 लोगों की मौत हुई है। वहीं, रविवार को पंचथर जिले में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की जान चली गई, जिससे कुल मृतकों की संख्या बढ़कर 52 हो गई है। इस बीच, काठमांडू घाटी में मौसम सुधरने के बाद जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। सोमवार को राजधानी में बारिश पूरी तरह थम गई है।

# अमेरिकी सील्स ने पाकिस्तान में लादेन को किया था ढेर'

## राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा- इतिहास इसे कभी नहीं भूलेगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी नौसेना के 250वें स्थापना दिवस के मौके पर सील्स की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा- इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि यह खास अमेरिकी बल ही था जिसने पाकिस्तान में अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन के घर में घुसकर उसे मौत के घाट उतारा।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी नेवी सील्स की जमकर तारीफ की और कहा कि इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि यह खास अमेरिकी बल ही था जिसने पाकिस्तान में अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन के घर में घुसकर उसे मौत के घाट उतारा था। ट्रंप यह बात सोमवार को नॉरफॉक, वर्जीनिया में नेवी के 250वें स्थापना दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम में बोलते हुए कही। उन्होंने कहा, 'इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि सील्स ने बिन लादेन के मकान में घुसकर सिर में गोली मारी।'

ट्रंप ने अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी की आलोचना की राष्ट्रपति ट्रंप ने अफगानिस्तान से अमेरिका की बेरोकट नीति और वापसी की आलोचना करते हुए कहा कि अगर अमेरिका सही तरीके से काम करता, तो अफगान युद्ध आसानी से जीत सकता था। उन्होंने कहा, 'लेकिन हम राजनीतिक रूप से सही होने की वजह से धीमे पड़ गए। अब हम राजनीतिक रूप से सही नहीं हैं। अब हम जीतते हैं।'

### 9/11 से पहले मैंने दी थी चेतावनी- ट्रंप

उन्होंने यह भी दोहराया कि 9/11 हमले से एक साल पहले उन्होंने बिन लादेन के बारे में चेतावनी दी थी। ट्रंप ने कहा, 'कृपया याद रखें, मैंने ओसामा बिन लादेन के बारे में ठीक एक साल पहले लिखा था, जब उन्होंने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला किया। मैंने कहा था कि 'ओसामा बिन लादेन पर नजर रखें'। लेकिन उन्होंने नहीं सुनी और एक साल बाद हमला हुआ।' ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका को अक्सर उसके काम का श्रेय नहीं मिलता, इसलिए उन्हें खुद इसे लेना पड़ा। उन्होंने बताया कि अमेरिकी नेवी ने बिन लादेन की 'घिनौनी लाश' को यूएसएस कार्ल विन्सन एयरक्राफ्ट कैरियर से समुद्र में फेंक दिया, ताकि वह अंधेरी गहराइयों में डूब जाए।

दरअसल, मई 2011 में अमेरिकी नेवी सील्स ने एक ऑपरेशन के दौरान बिन लादेन को मार गिराया था। यह ऑपरेशन तब के अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा मंजूरी मिलने के बाद किया गया था। उस समय ओबामा ने व्हाइट हाउस के ईस्ट रूम से कहा था, 'मैं अमेरिकी जनता और दुनिया को रिपोर्ट कर सकता हूं कि अमेरिका ने ऐसा ऑपरेशन किया, जिसमें अल-कायदा के नेता ओसामा बिन लादेन को मार दिया गया। उन्होंने हजारों निर्दोष लोगों की हत्या की जिम्मेदारी ली थी।'

# तिब्बत में माउंट एवरेस्ट पर भारी बर्फबारी

## करीब 1000 पर्वतारोही फंसे, रेस्क्यू अभियान जारी



**काठमांडू।** तिब्बत की माउंट एवरेस्ट की ढलानों पर बर्फीले तूफान के कारण करीब 1000 पर्वतारोही फंसे हुए हैं। वहीं नेपाल में भारी बारिश से 52 लोगों की मौत और चीन में टाइफून माटमो के चलते लाखों लोग सुरक्षित निकाले गए।

तिब्बत में माउंट एवरेस्ट के सुदूर पूर्वी क्षेत्र में बर्फीले तूफान के कारण 1,000 से अधिक पर्वतारोही फंस गए हैं। शिविरों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए बचाव अभियान चल रहा है। यह क्षेत्र 4,900 मीटर की ऊंचाई पर है। बर्फ हटाने के लिए स्थानीय लोगों के साथ विभिन्न बचाव दलों को लगाया गया है। कुछ लोगों को बचा भी लिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार शाम को भारी बर्फबारी शुरू हुई और तिब्बत में माउंट एवरेस्ट की पूर्वी ढलानों पर यह तेज हो गई है, जो पर्वतारोहियों और पैदल यात्रियों के बीच लोकप्रिय क्षेत्र है। माउंट एवरेस्ट दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है। इसकी ऊंचाई 8,849 मीटर से भी अधिक है। चीन में इसे माउंट कोमोलांगमा के नाम से जाना जाता है।

### नेपाल में भी प्राकृतिक आपदा

एवरेस्ट के पड़ोसी देश नेपाल में भारी बारिश से भूस्खलन और अचानक बाढ़ आई, जिससे अब तक 52 लोगों की मौत हो चुकी है। स्थानीय प्रशासन प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है।

# मलयेशिया दौरे पर पाकिस्तानी पीएम ने कराई किरकिरी, करते दिखे 'मुशायरा'

**मनीला।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का मलयेशिया दौरा किसी अहम समझौते को लेकर चर्चा में नहीं है लेकिन पाकिस्तानी पीएम की अजीब हरकतों के चलते चर्चा में बना हुआ है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मलयेशिया के आधिकारिक दौरे पर हैं। सोमवार को पाकिस्तानी पीएम ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान, मलयेशिया के साथ साझा हितों वाले प्रोजेक्ट्स पर सहयोग करना चाहता है। हालांकि मलयेशियाई पीएम के साथ साझा बयान जारी करते समय शहबाज शरीफ कुछ ऐसा कर गए, जिसके लिए उनकी आलोचना हो रही है। दरअसल साझा बयान में शहबाज शरीफ शेर सुनाते नजर आए और उन्होंने संयुक्त बयान जैसे गंभीर इवेंट को भी मुशायरे में तब्दील कर दिया।

### साझा बयान जैसे गंभीर कार्यक्रम में हंसी मजाक करते नजर आए शहबाज शरीफ

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 5 अक्तूबर से 7 अक्तूबर तक मलयेशिया के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरे पर रविवार को पाकिस्तानी पीएम ने मलयेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त साझा बयान जारी किया। इस दौरान पाकिस्तानी पीएम ने अल्लामा इकबाल का एक शेर सुनाया, जिसमें उन्होंने कहा कि 'खुदी को कर बुलंद इतना कि हर तकदीर से पहले खुद बंदे से खुद पूछे बता तेरी रजा क्या है...'। जिस वक्त पाकिस्तानी पीएम ये शेर सुना रहे थे तो वहां मौजूद लोग अचरज भरी निगाहों से उन्हें देख रहे थे क्योंकि उन्हें पाकिस्तानी पीएम की बात समझ ही नहीं आ रही थी। पाकिस्तानी पीएम ने इसका मतलब समझाने की बात कही तो मलयेशिया के पीएम ही बात को हंसकर टाल गए, जिससे पाकिस्तानी पीएम झेंप गए।



### फटे हुए कागज से पढ़कर संबोधन देते नजर आए पाकिस्तानी पीएम

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का मलयेशिया दौरा किसी अहम समझौते को लेकर चर्चा में नहीं है लेकिन पाकिस्तानी पीएम की अजीब हरकतों के चलते चर्चा में बना हुआ है। पहले जहां पाकिस्तानी पीएम मलयेशियाई पीएम के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता में मुशायरा करते नजर आए, वहीं मलयेशियाई पीएम के साथ द्विपक्षीय बातचीत में फटे हुए कागज से पढ़कर अपना संबोधन देते दिखाई दिए। फटे कागज से पढ़ते हुए संबोधन देते हुए पाकिस्तानी पीएम कैमरों में कैद भी हुए, जिसके लिए उनका खूब मजाक भी बनाया जा रहा है।

# ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के बीच ऐतिहासिक रक्षा संधि, चीन की चुनौती से निपटने की तैयारी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के नेताओं ने सोमवार को ऐतिहासिक रक्षा संधि पर हस्ताक्षर कर दिए। इस रक्षा संधि के जरिए दोनों देश प्रशांत महासागर में चीन के दबदबे को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। चीन का भी मानना है कि यह संधि उसे अनुचित रूप से निशाना बनाती है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने इस समझौते को एक पारस्परिक रक्षा संधि बताया जो उनके रक्षा बलों और सैन्य कर्मियों के बीच एकीकरण करेगी।

### ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के बीच इस तरह की पहली संधि

यह ऑस्ट्रेलिया और उसके सबसे करीबी पड़ोसी और पूर्व उपनिवेश पापुआ न्यू गिनी के बीच इस तरह की पहली संधि है। इस रक्षा संधि के अलावा ऑस्ट्रेलिया का, अमेरिका और न्यूजीलैंड के साथ भी गठबंधन स्तरीय सुरक्षा समझौता है, जो साल 1951 में हुआ था। ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी की संसद से मंजूरी मिलने के बाद इस संधि पर दोनों देशों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए। संधि पर हस्ताक्षर के बाद मीडिया से बात करते हुए ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज ने कहा कि 'ऑस्ट्रेलिया के लिए यह बहुत सम्मान की बात है कि उसका निकटतम पड़ोसी उसका नया सहयोगी बन गया है।'

चीन ने बयान जारी कर कहा- समझौते में किसी तीसरे देश से सहयोग को प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए

अल्बानीज ने आगे कहा, 'दोनों देश इस बात पर भी सहमत हुए हैं कि हम ऐसी कोई भी गतिविधि नहीं करेंगे या कोई भी समझौता नहीं करेंगे जिससे इस संधि के कार्यान्वयन में बाधा आए।' बीते दिनों ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के बीच हुए इस समझौते को लेकर पापुआ न्यू गिनी स्थित चीनी दूतावास ने एक बयान जारी किया था।

उस बयान में चीन ने कहा कि द्विपक्षीय समझौता विशेष प्रकृति का नहीं होना चाहिए और न ही ये किसी संप्रभु देश को किसी भी कारण से किसी तीसरे देश के साथ सहयोग से प्रतिबंधित करना चाहिए। दूतावास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'इसे किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाने या उसके वैध अधिकारों और हितों को कमजोर करने से भी बचना चाहिए।'

चीन ने सोलोमन द्वीप समूह के साथ एक सुरक्षा समझौता किया, जिससे दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में एक चीनी नौसैनिक अड्डा स्थापित होने की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया ने साल 2022 से पापुआ न्यू गिनी के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना शुरू कर दिया, जिसे प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे को रोकने के तौर पर देखा जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया फिजी के साथ भी एक द्विपक्षीय रक्षा समझौते पर बातचीत कर रहा है।



### चीन की चिंताओं को पापुआ न्यू गिनी ने खारिज किया

मारापे ने सोमवार को कहा 'पापुआ न्यू गिनी की विदेश नीति: सभी के मित्र, किसी के शत्रु नहीं की रही है और ये संधि भी उस नीति को कमजोर नहीं करती है।' उन्होंने कहा कि 'हम पारदर्शी रहे हैं। हमने चीन को बताया है कि ऑस्ट्रेलिया, हमारा पसंदीदा सुरक्षा साझेदार बन गया है और वे इसे समझते हैं।' गौरतलब है कि हाल के वर्षों में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया, दोनों ने पापुआ न्यू गिनी के साथ सैन्य संबंध बढ़ाए हैं, जिसे प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने में एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में देखा जाता है।

# धूमधाम से संपन्न हुआ संकल्प अग्रवाल और सृष्टि अग्रवाल का सगाई समारोह





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता देवेंद्र अग्रवाल के सुपुत्र संकल्प अग्रवाल की सगाई मनोज अग्रवाल की सुपुत्री सृष्टि अग्रवाल के साथ धूमधाम से संपन्न हुई। वेदांता फार्म हाउस में आयोजित इस समारोह में संकल्प और सृष्टि को आशीर्वाद देने के लिए राजनीति जगत से लेकर सामाजिक जगत की गणमान्य हस्तियां मौजूद रही।

# राजनगर एक्सटेंशन की 30 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण बनेगा जनसुविधा का मार्ग

## 3.40 किलोमीटर लंबी सड़क में 1200 मीटर का निर्माण पूर्ण, 700 मीटर पर कार्य प्रगति पर

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स के कुशल दिशा-निर्देशन में राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में सड़कों के विकास कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण परियोजना – केडीपी गोलचक्कर से भट्ठा संख्या-5 होते हुए हम-तुम रोड तक जाने वाली 30 मीटर चौड़ी सड़क – अब अपने अंतिम चरण की ओर अग्रसर है।





यह सड़क लगभग 3.40 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित है, जिसमें से 1200 मीटर का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि 700 मीटर हिस्से पर तेजी से कार्य जारी है। पहले यह परियोजना किसानों के विरोध के कारण कई वर्षों से ठप पड़ी थी, परंतु उपाध्यक्ष अतुल वत्स के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप और नियमित समीक्षा बैठकों के फलस्वरूप आपसी सहमति बनी और कार्य फिर से शुरू कराया गया।

वर्तमान में इस सड़क के साथ सीवर लाइन और नाली निर्माण कार्य भी समानांतर रूप से संचालित हैं। परियोजना पूर्ण होने के बाद यह सड़क न केवल राजनगर एक्सटेंशन की प्रमुख कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करेगी, बल्कि इसे आउटर रिंग रोड और जीडीए की हरनंदीपुरम योजना से भी जोड़ देगी।

इस सड़क के बनने से दिल्ली से आने वाला यातायात भट्ठा नंबर-5 होते हुए मेरठ रोड तक आसानी से पहुंच सकेगा, जिससे क्षेत्रीय ट्रैफिक दबाव में उल्लेखनीय कमी आएगी। साथ ही भोवापुर, सिक रोड, शाहपुर निज मोरटा और मोरटा जैसे आसपास के गांवों को भी सीधी कनेक्टिविटी प्राप्त होगी।

सड़क को 4 लेन में विकसित किया जा रहा है, जिसके बीच में 2 मीटर चौड़ा सेंट्रल वर्ज प्रस्तावित है। इस वर्ज पर हरित पट्टी (ग्रीन बेल्ट) के रूप में पौधारोपण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र का पर्यावरणीय संतुलन भी सुदृढ़ होगा।

यह सड़क राजनगर एक्सटेंशन की एक जीवन रेखा सिद्ध होगी। इसके निर्माण से न केवल नागरिकों को आवागमन में सुलभता मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में नई परियोजनाओं और निवेश के अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

# भव्य आतिशबाजी व लेजर शो के साथ श्री सुल्लामल रामलीला मेला संपन्न

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी द्वारा रविवार रात्रि को आयोजित लेजर शो और भव्य आतिशबाजी के साथ इस वर्ष के रामलीला मेले का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम में आसमान आतिशबाजी की रोशनी से जगमगा उठा और चारों ओर चटर-पटर की गूंज से वातावरण उल्लासमय बन गया। फव्वारों की चमक और रंगीन रोशनी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

सैकड़ों की संख्या में उपस्थित नगरवासियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह र्धन किया। समापन अवसर पर रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों, सहयोगियों और कार्यकताओं को मंच से शाल, पटका ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही आयोजन में योगदान देने वाली विभिन्न संस्थाओं को भी मंच से सम्मान प्रदान किया गया। मंच संचालन संजीव मित्तल ने किया।



**कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे –**

**करंट क्राइम।** अध्यक्ष अजय बंसल, नरेश अग्रवाल, सुधीर गोयल मोनू, रविंद्र मित्तल, प्रदीप मित्तल, वीरेंद्र कुमार वीरो, उस्ताद अशोक गोयल, दिनेश शर्मा बब्बे, आलोक गर्ग, सुभाष गुप्ता, राजेंद्र मित्तल मेंदी वाले, ज्ञानप्रकाश गोयल, राघवेंद्र, पार्षद नीरज गोयल, पार्षद राजीव शर्मा, मोहित मित्तल, अनिल गर्ग शीरे वाले, देवेंद्र मित्तल, रामावतार, मनमोहन मित्तल, विपिन मोहन गर्ग, गिरीश कुमार, शशिकांत भारद्वाज, हर्षवर्धन सिल्वी, सौरभ जायसवाल, विनय सिंघल, सुनील गुप्ता, विनेश गुप्ता, विपिन कंसल, सुनील कुमार, श्रवण गर्ग, अजय गुप्ता, शिवांक गर्ग, नंद किशोर नंदू, अतुल गुप्ता, अंकित सैनी, विनय सिंघल, प्रदीप गर्ग, दिनेश गोयल, जयवीर शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नंदग्राम पुलिस ने किया महिला जागरूकता कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत सोमवार को थाना नंदग्राम सिटी जोन में एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे, मिशन शक्ति टीम, पिंक बूथ व एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा वीवीआईपी मंगल सोसायटी में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस दौरान कार्यरत महिलाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा और पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1930 की जानकारी दी गई तथा पंपलेट और सेनेटरी नेपकिन वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं और अन्य पदाधिकारियों की भी उपस्थित रही।

# लॉयंस क्लब गाजियाबाद एकता द्वारा 24वां शिल्प ग्राम मेला 8 अक्टूबर से, लोक कला और संस्कृति का होगा संगम

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लॉयंस क्लब गाजियाबाद एकता द्वारा आयोजित 24वां शिल्प ग्राम मेला 8 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2025 तक रामलीला मैदान, सेक्टर-5, राज नगर, गाजियाबाद में आयोजित किया जाएगा। यह मेला भारतीय पारंपरिक एवं लोक कला का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा।

मेले का शुभारंभ सांसद अतुल गर्ग द्वारा शाम 5:30 बजे किया जाएगा। आयोजन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की झड़ी लगी रहेगी। इनमें रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, चित्रकला, नृत्य, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, दिव्यांग प्रतिभाओं के कार्यक्रम, मियाँ-बीवी की नोंकझोंक, गायन प्रतियोगिता जैसी कई गतिविधियाँ शामिल होंगी।




इस बार की गायन प्रतियोगिता में सीनियर सिटीजन प्रतिभागियों को भी भाग लेने का अवसर दिया जा रहा है। साथ ही, मेले में विशेष आकर्षण के रूप में डांडिया नाइट का आयोजन होगा, जिसमें बेस्ट डांडिया कपल और डांडिया क्वीन चुने जाएंगे।

मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार और व्यापारी अपने स्टॉल लगाएंगे, जिनमें वस्त्र, डेकोरेशन, ज्वेलरी और अन्य आकर्षक वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। स्वाद के शौकीनों के लिए चटपटे व्यंजन और चाट-पापड़ी के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

क्लब की महिला सदस्यों की मेहनत और निष्ठा इस मेले की सफलता की प्रमुख ताकत रही है। उनके सहयोग और समर्पण के कारण ही यह आयोजन अपने 24वें वर्ष में प्रवेश कर सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है।

# अउआ के रजत जयंती समारोह में जुटे देश-दुनिया के पूर्वछात्र

- प्रधानमंत्री संग्रहालय भवन में हुआ सिल्वर जुबली समारोह
- अउआ की स्मारिका त्रिपथगा का हुआ विमोचन

**नई दिल्ली (करंट क्राइम)।** राजधानी दिल्ली के त्रिमूर्ति भवन स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय के सभागार में इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र संघ (अउआ) के आयोजित रजत जयंती समारोह में देश-दुनिया से पहुंचे पूर्व और वर्तमान छात्रों का संगम देखने लायक था। समारोह स्थल खचाखच भरा हुआ था और इसमें एक से एक बढ़कर हस्तियां मौजूद थीं।



दीप प्रज्वलन और पूर्वछात्रों के परिचय के बाद विश्वविख्यात नृत्यांगना पद्मश्री नलिनी-कमलिनी के प्रस्तुत भावनृत्य ने शुरूआत से ही समां बांध दिया। उन्होंने एक के बाद नृत्य प्रस्तुत किये। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार सचान होरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ रजत जयंती समारोह अउआ के संस्थापक महासचिव स्व. नवीन चन्द्रा को समर्पित था। मुख्य अतिथि थे विश्वविद्यालय के पूर्वछात्र राज्यसभा के पूर्व महासचिव देश दीपक वर्मा और विशिष्ट अतिथि ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के पूर्व चेयरमैन संजॉय जोशी व इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के डायरेक्टर जनरल सुरेन्द्रनाथ त्रिपाठी। मंचासीन अन्य विभूतियों में अउआ के अध्यक्ष एस के सिंह और महासचिव शिखा दरबारी थीं। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने अपने सम्बोधन में विश्वविद्यालय में छात्र जीवन के विनोदपूर्ण संस्मरण सुनाकर सबको गदगद कर दिया। अपने बेलाग अंदाज में सुरेन्द्रनाथ त्रिपाठी ने इलाहाबादी शैली में ऐसे तमाम अनछुए संस्मरण सुनाए कि दर्शक पूर्वछात्रों का हंसते-हंसते पेट फूल गया। रजत जयंती समारोह में वरिष्ठ पत्रकार अजय औदीच्य की संपादित स्मारिका त्रिपथगा का अतिथियों ने विमोचन किया।

इस असवर पर त्रिपथगा के संपादन में सहयोगी जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता व अउआ के उपाध्यक्ष डीसी श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, सांस्कृतिक सचिव अमिताभ तिवारी, नेशनल को-ऑर्डिनेटर अमित सिंह व सह सचिव आलोक सिन्हा, गौरव चन्द्रा व प्रो. अमित जायसवाल भी मंच पर मौजूद रहे। समारोह का शानदार संचालन डॉ. कुलभूषण त्रिपाठी और पूनम शर्मा ने किया।

अतिथि वक्ताओं ने हास-परिहास के माहौल में विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति पर चिंता भी जताई और अउआ को इस संदर्भ में सकारात्मक पहल करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर अउआ के संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार सचान ने सारगर्भित परामर्श देते हुए कहा कि अच्छा होगा कि अउआ के कर्ताधर्ताओं में सिर्फ अधिकारियों को ही पदस्थ करने के बजाय कला, साहित्य से जुड़े लोगों को भी महत्व दिया जाए। समारोह की समाप्ति प्लेबैक सिंगर अनुजा सिन्हा व विनीत रघुवंशी के गानों से हुई। उनके गाए गीतों पर अउआ के पदाधिकारी और सदस्य झूमकर नाचे।

# अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर भव्य आयोजन



**साहिबाबाद / करंट क्राइम।** साहिबाबाद। शालीमार गार्डन स्थित राम वाटिका पार्क में वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पप्पू पहलवान जी और पार्षद राहुल शर्मा जी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक हरिकिशन जयसवाल जी, अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग जी, और महासचिव देवेंद्र महाजन जी ने मंच साझा किया और वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को नमन किया। अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग जी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस का उद्देश्य समाज में वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को सम्मान देना और उनके कल्याण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों, विचारों और जीवन मूल्यों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अथक प्रयास किया। सभी उपस्थित अतिथियों ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे और समाज से वरिष्ठजनों के प्रति संवेदनशील होने की अपील की।